RNI. Reg. MPHIN/2013/52154.

इंदौर, भोपाल, उज्जैन, अलीराजपुर से एक साथ प्रकाशित

# दैनिक विनय उजाला

वर्ष-12, अंक 138 | भोपाल, सोमवार ● 25 नवम्बर 2024 | मूल्य 2.00 रुपए , कुल पृष्ठ - 8

## सुविचार

पैसा कितना बचा है सबको पता है।
समय कितना बचा है किसे पता है।
- के.पी. जाट, भोपाल

समय खराब हो सकता हैं,
जिन्दगी नहीं, इसलिए 'धैर्य' नहीं छोड़ना
चाहिए, क्योंकि जब समय सुधारता है
तो वह जिंदगी को संवार देता है।
- हरिशंकर पाटीदार, लिम्बोदा देवास

नीयत साफ़ रखेंगे तो यकीनन वो
सब मिलेगा जो हम चाहते हैं।
- आशीष सिसौदिया, हाटपिपल्या देवास

### सर्वदलीय बैठक... अडानी और मणिपुर पर चर्चा चाहता है विपक्ष, सरकार ने कहा- सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार

**नई दिल्ली (हि.स.)।** संसद के सोमवार से शुरू होने जा रहे हैं शीतकालीन सत्र से एक दिन पूर्व आज सरकार द्वारा सर्वदलीय बैठक बुलाई गई। इस दौरान विपक्ष ने कुछ मांगें और सुझाव सरकार के समक्ष रखें। वहीं सरकार की ओर से आश्वासन दिया गया कि राज्यसभा के सभापति, लोकसभा के अध्यक्ष और कार्यमंत्रणा समिति के समक्ष इन्हें रखा जाएगा और उन पर उचित निर्णय लिया जाएगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में संसद भवन में आयोजित सर्वदलीय बैठक में 30 राजनीतिक दलों के 42 नेताओं ने भाग लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### विविधता में भी एकता है, भारतीय संस्कृति सद्बुद्धि देती है : भागवत

**हैदराबाद (हि.स.)।** लोक मंथन-2024 कार्यक्रम का रविवार को समापन हो गया। चार दिवसीय यह कार्यक्रम हैदराबाद के शिल्पकला वेदिका में आयोजित किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत समापन समारोह के मुख्य अतिथि थे। डॉ. भागवत ने कहा कि एकता शाश्वत है, विविधता में भी एकता है। हम गैरों के मैदान पर जाकर खेलना नहीं चाहते। हम दुनिया को अपने मैदान पर लाना चाहते हैं। भारतीय संस्कृति अच्छा दिल और सद्बुद्धि देती है। संघ प्रमुख डॉ. भागवत ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की नैतिकता और मानव मस्तिष्क एवं हृदय पर इसके उपयोग की विधि पर चर्चा जारी है। ये भारतीय संस्कृति ही है जो अच्छा दिल और दिमाग देती है, हम किसी के दुश्मन नहीं, हमें दुश्मन किसने बनाया।

### शरद पवार ने कहा- चुनाव परिणाम स्वीकार, लेकिन घर नहीं बैठेंगे

**मुंबई (हि.स.)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने रविवार को कहा कि वे विधानसभा चुनाव के नतीजों को स्वीकार करते हैं। लेकिन वे घर नहीं बैठेंगे। पूरे महाराष्ट्र का दौरा करेंगे। शरद पवार सतारा जिले के कराड में पत्रकारों को बताया कि कल चुनाव परिणाम घोषित हो गए हैं। आज मैं कराड में हूं। मैं घर पर बैठने वालों में से नहीं हूं, बल्कि मजबूती से लड़ने वालों में से हूं। इस दौरान शरद पवार ने कहा कि हम शासकों के दुष्प्रचार से आहत हैं, शासकों द्वारा यह प्रचार किया गया कि अगर सत्ता परिवर्तन हुआ तो लाडली बहिन योजना बंद कर दी जायेगी। इसके अलावा योगी आदित्यनाथ के नारे बटेंगे तो कांटेगे ने भी मतों का ध्रुवीकरण किया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मैं बिना आधिकारिक जानकारी के ईवीएम के बारे में बात नहीं करूंगा, मैं लोगों द्वारा दिए गए फैसले का अध्ययन करूंगा। शरद पवार ने कहा कि बारामती विधानसभा क्षेत्र में युगेंद्र पवार को मैदान में उतारना गलत नहीं था। आखिर कोई तो चुनाव लड़ता ही।




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विदेश जाने से पहले मुम्बई में **मन की बात कार्यक्रम का किया श्रवण**

# प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम से सदैव कुछ नया करने की मिलती है प्रेरणा

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में मध्यप्रदेश वासियों द्वारा सामूहिक प्रयासों से पर्यावरण-संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की है। यह निश्चित रूप से सभी के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम से सदैव कुछ नया करने की प्रेरणा मिलती है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुंबई प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री श्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 116 वां संस्करण सुनने के बाद यह विचार व्यक्त किए। रविवार को प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत इंदौर में पेड़ लगाने के बने रिकॉर्ड का उल्लेख करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश के इंदौर में अभियान अंतर्गत 24 घंटे में 12 लाख से ज्यादा पेड़ लगाए गए। अभियान में हुई जन-सहभागिता से इंदौर की रेवती हिल्स का बंजर इलाका अब ग्रीन जोन में बदल जाएगा।



### 11-12 जनवरी को दिल्ली में होगा विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग

प्रधानमंत्री ने कहा कि मन की बात देश के सामूहिक प्रयासों, उपलब्धियों, जन-जन के सामर्थ्य, युवा सपनों और देश के नागरिकों की आकांक्षाओं की बात है। उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में एनसीसी से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि यह किसी भी कैरियर के लिए व्यक्तित्व निर्माण में सहायक है। प्रधानमंत्री ने बताया कि 11-12 जनवरी को दिल्ली में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग का आय़ोजन हो रहा है। इसमें गांव, ब्लॉक, जिलों, राज्यों से लगभग दो हजार युवा भाग लेंगे। समाज को सशक्त बनाने में पुस्तकालयों की महत्वपूर्ण भूमिका है। युवाओं को भी किताबों से दोस्ती करने के लिए पहल करना चाहिए। उन्होंने ओरल हिस्ट्री प्रोजेक्ट के संबंध में भी चर्चा की।

### डिजिटल अरेस्ट नाम का सरकार में कोई भी प्रावधान नहीं

प्रधानमंत्री मोदी ने डिजिटल क्रांति में बुजुर्गों को भागीदार बनाने के लिए युवाओं द्वारा की जा रही पहल के अंतर्गत भोपाल के महेश का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने अपने मोहल्ले के कई बुजुर्गों को मोबाइल के माध्यम से पेमेंट करना सिखाया है। इन बुजुर्गों के पास स्मार्टफोन तो था, लेकिन उसका सही उपयोग बताने वाला कोई नहीं था। प्रधानमंत्री ने आहवान किया कि बुजुर्गों को डिजिटल अरेस्ट के खतरे से बचाने के लिए भी युवा आगे आएं।

### पर्यावरण-संरक्षण और स्वच्छता के प्रति संवेदनशीलता जरूरी

प्रधानमंत्री मोदी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील होने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि बायोडायवरसिटी बनाए रखने में गौरेया (स्पेरो) पक्षी का विशेष महत्व है। इस पक्षी की वापसी के लिए विभिन्न राज्यों में अनोखे प्रयास हो रहे हैं। अपने आसपास और सभी के ऐसे प्रयास करने से गौरेया फिर से हमारे जीवन का हिस्सा बन सकती है। मोदी ने सरकारी दफ्तरों में पुरानी फाइलों और स्क्रैप को हटाने के लिए चलाए गए विशेष स्वच्छता अभियान का उल्लेख भी किया तथा प्लास्टिक वेस्ट और अनुपयोगी समझीं जाने वाली चीजों को री-साईकल कर कचरे से कंचन बनाने के विचार को अमल में लाने की अपील भी की।

### मुख्यमंत्री से महाराष्ट्र कैडर के आईपीएस शर्मा ने की सौजन्य भेंट

मुख्यमंत्री से मुम्बई में महाराष्ट्र कैडर के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी मनोज शर्मा (आईजी) एवं उनकी धर्मपत्नी, महाराष्ट्र पर्यटन विकास निगम की प्रबंध निदेशक श्रद्धा शर्मा ने सौजन्य भेंट की। मुख्यंत्री ने कहा कि मनोज शर्मा की संकल्पों की सिद्धि और दृढ़ता प्रदेश और देश के सभी युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मनोज शर्मा ने विपरीत परिस्थितयों में चुनौतियों का सामना करते हुए सफलता प्राप्त कर न केवल मुरैना बल्कि पूरे मध्यप्रदेश को गौरवान्वित किया है। मध्यप्रदेश के निवासी मनोज कुमार शर्मा 2005 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी हैं, जिन्हें महाराष्ट्र कैडर आवंटित हैं। वे वर्तमान में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) में पुलिस महानिरीक्षक के पद पर कार्यरत हैं। उनका जन्म चंबल संभाग के एक गांव में 3 जुलाई 1975 में हुआ था।

## पराक्रमशीलता व युद्धकला में प्रवीण थीं अहिल्याबाई होलकर : आलोक कुमार

**लखनऊ (हि.स.)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह आलोक कुमार ने रविवार को सीएमएस विद्यालय गोमतीनगर में दीप प्रज्ज्वलित कर लोकमाता अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी समारोह का उदघाटन किया।**

इस अवसर पर सह सरकार्यवाह आलोक कुमार,लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के वंशज उदय राजे होलकर व डा. माला ठाकुर ने अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर लगी प्रदर्शनी का भी उदघाटन किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह आलोक कुमार ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई का जीवन सबके लिए प्रेरणादायी है। उनका पराक्रम अद्भुत था। वह कुशल रणनीतिकार, पराक्रमशीलता व युद्ध कला में प्रवीण थीं।सह सरकार्यवाह ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर सती प्रथा की विरोधी थीं। वह त्याग की प्रतिमूर्ति थीं। उन्होंने साड़ी का उद्योग महेश्वर में शुरू कराया। युद्ध में जो सैनिक बलिदान हो जाते थे, उनकी विधवा महिलाओं के लिए रोजगार का सृजन किया। उन्होंने सिंचाई के संसाधन विकसित किया और उपज बढ़ाने के लिए काम किया। अहिल्याबाई होल्कर ने राजस्थान से पत्थर काटकर मंदिर बनाने वालों को लाकर बसाया और उनको भूमि दी। उनका चरित्र विशिष्ट था और दूरदर्शी सोच वाली महिला थीं। उस समय युद्ध के दौरान बलिदान हो जाने वाले सैनिक के आश्रितों को एक मुफ्त राशि देने और पेंशन की योजना शुरू की पेंशन देने की योजना शुरू की। आलोक कुमार ने कहा कि जिस समय पश्चिम सोच भी नहीं सकता था, उस समय भारत में अहिल्याबाई लक्ष्मीबाई और दुर्गावती जैसी महान वीरांगनाएं थीं।

सामाजिक समरसता का श्रेष्ठ उदाहरण अहिल्याबाई होल्कर का जीवनलोकमाता अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी समारोह समिति की राष्ट्रीय सचिव डॉ. माला ठाकुर ने कहा कि आज जब समाज को कुछ लोग जाति, भाषा और क्षेत्र के आधार पर बांटने का काम कर रहे हैं, वहीं उस कालखंड में लोकमाता अहिल्याबाई न सिर्फ समाज की दशा और दिशा निर्धारण का काम कर रही थीं बल्कि वह सामाजिक समर्थन का उदाहरण भी प्रस्तुत कर रही थी। लोकमाता जब भोजन करती थीं तो वह समाज के सभी वर्ग के लोगों के साथ बैठकर एक साथ एक पंक्ति में भोजन करती थीं।

## प्रधानमंत्री ने युवाओं से की 'विकसित भारत यंग लीडर्स डॉयलॉग' में भागीदारी की अपील

**नई दिल्ली (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में इस बार युवाओं के विषयों पर बातचीत की। उन्होंने एनसीसी की भूमिका को रेखांकित किया और युवाओं से अगले वर्ष दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होने वाले 'विकसित भारत यंग लीडर्स डॉयलॉग' में भागीदारी करने की अपील की।**

'मन की बात' कार्यक्रम के 116वें एपीसोड में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर देश में %युवा दिवस% मनाया जाता है। अगले साल स्वामी विवेकानंद जी की 162वीं जयंती है। इस बार इसे बहुत खास तरीके से मनाया जाएगा। इस अवसर पर 11-12 जनवरी को दिल्ली के भारत मंडपम में युवा विचारों का महाकुंभ होने जा रहा है। इस पहल का नाम है विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग। यह डायलॉग युवाओं को राजनीति से जोड़ने के पहल का हिस्सा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में आज एनसीसी (राष्ट्रीय कैडिट कोर) दिवस पर युवाओं को नेतृत्व की अगुवाई करने में संगठन की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और सेवा की भावना पैदा करती है। उन्होंने आज 'मन की बात' को विशेष रूप से युवाओं से जुड़े विषयों पर केन्द्रित किया। उन्होंने युवाओं की भूमिका को रेखांकित किया और विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे उनके उत्कृष्ट कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट की प्रक्रिया का उल्लेख किया, जिससे बुजर्गों को अब जीवित होने का प्रमाण देने के लिए बैंक नहीं जाना होता है। इस क्रम में उन्होंने लखनऊ के रहने वाले वीरेंद्र के बारे में बताया जो बुजुर्गों को सर्टिफिकेट दिलाने के काम में मदद करते हैं। वहीं भोपाल के महेश अपने मोहल्ले के कई बुजुर्गों को मोबाइल के माध्यम से पेमेंट करना सिखाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश के कई हिस्सों में युवा बेकार समझी जाने वाली चीजों को लेकर कचरे से कंचन बना रहे हैं। तरह-तरह के नवाचार कर रहे हैं। इससे वो पैसे कमा रहे हैं, रोजगार के साधन विकसित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के कानपुर में मॉर्निंग वॉक करते हुए गंगा के घाटों पर युवा प्लास्टिक उठाने का काम कर रहे हैं। इस समूह को कानपुर प्लॉगर्स ग्रुप नाम दिया गया है। उन्होंने असम की इतिशा के बारे में भी बताया जिसने कॉर्पोरेट दुनिया की चमक-धमक छोड़कर अरुणाचल की सांगती घाटी को साफ करने का अभियान छेड़ा है।

महाराष्ट्र चुनाव... फडणवीस-शिंदे-अजित एकसाथ दिल्ली जाएंगे

# महाराष्ट्र में महायुति का सीएम, 2 डिप्टी सीएम का फॉर्मूला



**मुंबई। महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव के रिजल्ट आने के बाद अब साफ हो गया है कि राज्य में महायुति की सरकार बनेगी। महायुति से CM पद के उम्मीदवार की अभी तक घोषणा नहीं हुई है।**

विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को खत्म हो रहा है, इसलिए इससे पहले सरकार गठित होनी है। ऐसा न होने पर राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाना पड़ेगा। सरकार का चेहरा यानी मुख्यमंत्री का नाम तय करने के लिए देवेंद्र फडणवीस, एकनाथ शिंदे और अजित पवार रविवार शाम को दिल्ली रवाना होंगे।

भाजपा आलाकमान के साथ मीटिंग के बाद CM के नाम का ऐलान हो सकता है। सूत्रों के मुताबिक, 1 मुख्यमंत्री और 2 डिप्टी CM का फॉर्मूला तय हुआ है। महायुति की पार्टियों में हर 6-7 विधायक पर एक मंत्री पद का फॉर्मूला भी फाइनल हुआ है। इस हिसाब से भाजपा के 22-24, शिंदे गुट के 10-12 और अजित गुट के 8-10 विधायक मंत्री बन सकते हैं। CM के नाम के ऐलान के बाद कल मुंबई, राजभवन में शपथग्रहण समारोह हो सकता है। CM शिंदे ने जीत के बाद कहा था कि चुनाव के पहले तय नहीं था कि जिसकी ज्यादा सीटें होंगी, उसका ही CM बनेगा।

### हेमंत सोरेन 28 को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे

झारखंड में INDIA ब्लॉक की दोबारा सरकार बनेगी। इंडिया गठबंधन के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक ष्टरूआवास में हुई। इसमें हेमंत सोरेन विधायक दल के नेता चुन लिए गए। इसके बाद उन्होंने राजभवन जाकर सीएम पद से इस्तीफा दिया और नई सरकार बनाने का दावा पेश किया। राज्य गठन के बाद पहली बार है जब सरकार रिपीट हुई है। अब तक हर चुनाव में सरकार बदल जाती थी। राजभवन के बाहर पत्रकारों के साथ बातचीत में हेमंत सोरेन ने कहा- राज्यपाल संतोष गंगवार ने कार्यवाहक सीएम नियुक्त किया है। शपथ ग्रहण समारोह 28 नवंबर को होगा। समारोह सुबह 11.30 बजे होगा। सूत्रों के अनुसार, गठबंधन 5 विधायक पर एक मंत्री पद का फॉर्मूला तय कर सकता है।



## संक्षिप्त समाचार

### खान को पूर्व मुख्यमंत्री ने सौंपा नियुक्ति पत्र



**शाजापुर, निप्र।** पूर्व मुख्यमंत्री ने खान को नियुक्ति पत्र सौंपा। जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी जिलाध्यक्ष याकूब खान, मध्यप्रदेश कौमी एकता कांग्रेस प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव अबसार एहमद खान ने मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य दिग्विजयसिंह के भोपाल स्थित उनके निवास पर मुलाकात की। इस दौरान सिंह ने अबसार खान को कौमी एकता कांग्रेस प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव का नियुक्ति पत्र सौंपा। खान को प्रदेश अध्यक्ष सच सलूजा ने नियुक्त किया है। इस अवसर पर शेख मुशर्रफ, हसीब पठान, हफीज खान उपस्थित थे।

### बच्चे का शव मिलने से फैली सनसनी



**शाजापुर, निप्र।** जिला मुख्यालय से करीब 5 किमी दूर हाईवे किनारे नवजात बच्चे का शव मिलने से सनसनी फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को ग्राम सनकोटा बायपास के समीप अज्ञात नवजात बच्चे का शव लावारिस हालत में पड़ा हुआ मिला। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने बच्चे की शिनाख्ती को लेकर ग्रामीणों से पूछताछ भी की, लेकिन कोई सफलता नही मिली। पुलिस ने बताया कि घटना के पीछे के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू की गई है।

### प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के दौरान नव निर्वाचित बूथ अध्यक्षों का किया स्वागत



**शाजापुर, निप्र।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वपूर्ण कार्यक्रम मन की बात को शाजापुर जिले के 836 ही बूथों पर सुना गया। इस दौरान नव निर्वाचित बूथ अध्यक्ष एवं सदस्यों का स्वागत किया गया। शाजापुर के बूथ क्रमांक 194 पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री एवं संगठन पर्व के जिला निर्वाचन अधिकारी दिलीप पाटोदिया ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को कार्यकर्ताओं के साथ सुना। इस मौके पर उन्होंने नव निर्वाचित बूथ अध्यक्ष राकेश सोलंकी सहित बूथ समिति के सदस्यों का स्वागत भी किया। इस अवसर पर भाजपा दिनेश शर्मा, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी एवं मन की बात कार्यक्रम जिला प्रभारी विजय जोशी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष गोपाल राजपूत, पार्षद सुनील पेंटर, मुकेश सौराष्ट्रीय, सागर राय सहित बूथ समिति के सदस्य एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिला जेल परिसर झाबुआ में बंदियों हेतु स्वास्थ्य शिविर परीक्षण श्री अरबिंदो हॉस्पिटल की टीम के द्वारा आयोजित किया गया

अशोक बलसोरा

**झाबुआ। वरिष्ठ कार्यालय भोपाल के निर्देशानुसार जिला जेल परिसर में स्वास्थ्य परीक्षण शिवीर आयोजित किया गया जो कि जिला जेल अधीक्षक डीके पगारे सर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।**








जिसमें सर्वप्रथम अतिथि डॉक्टर टीम में पीआरओ पवन कुमार जैन डॉक्टर शिवंश गुप्ता डॉक्टर पुनीत गहलोत डॉक्टर नितिन डॉक्टर शुभम भाटिया डॉक्टर प्रमोद डॉक्टर सोहेब खान डॉक्टर साक्षी डॉक्टर नूवा आदि का जिला जेल परिसर अधीक्षक श्री डीके पगारे भारत सिंह मिट्ठू मेहरा राजाराम सुश्री आरती वसुनिया एवं जेल परिसर स्टाफ ने पुष्प गुच्छ से सभी डॉक्टरस का स्वागत किया उसके पश्चात स्वागत भाषण जिला जेल अधीक्षक श्री पगारे के द्वारा दिया गया पीआरओ पवन कुमार जैन ने इस शिविर के माध्यम से दी जारी विभिन्न सुविधा सेवा के बारे में उपस्थित बंदियो को अवगत कराया उसके पश्चात विभिन्न विभाग के डॉक्टर के द्वारा बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें आवश्यक मेडिसिन आदि दी गई साथ ही उपस्थित बंधिया को श्री अरविंदो हॉस्पिटल इंदौर की टीम के द्वारा आवश्यक चेकअप के बाद उन्हें जिला जेल जिला चिकित्सा विभाग में जांच हेतु आवश्यक पड़ने पर जिला जेल के नियम अनुसार उन्हें इलाज हेतु सुविधा देने की बात कही इस स्वास्थ्य सिविल चेकअप में लगभग 300 से अधिक बंदियो का स्वास्थ्य चेकअप किया गया और उन्हें आवश्यक ट्रीटमेंट दिया गया श्री जैन ने बताया कि वह यहां पर कैसे रोग मुक्त हो सकते हैं इस हेतु उन्होंने समय-समय पर जिला जेल परिसर में लगने वाले चेकअप सिविल कैंप आदि में अपनी चेकअप करवा कर निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं ले सकते हैं और रोग मुक्त हो सकते हैं कार्यक्रम का संचालन डॉ अशोक बलसोरा ने किया एवं आभार जिला जेल अधीक्षक डी के पगारे के द्वारा व्यक्त किया गया और साथ ही अरविंदो इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस के ओनर का एवं उपस्थित सभी डॉक्टर टीम का धन्यवाद प्रेषित किया और साथ ही वरिष्ठ जेल अधिकारियों का भी आभार व्यक्त किया उनके कुशल मार्गदर्शन में झाबुआ के इस जिला जेल परिसर में स्वस्थ शिविर का लाभ इन बंदियों को मिल सका।

## अपार आईडी कार्ड को लेकर डही में प्रशिक्षण, सह बैठक का आयोजन

### अब दुनिया के किसी भी कोने में विद्यार्थी अपने शैक्षणिक रिकार्ड को डिजिटल रूप में देख सकेंगें

विनय उजाला

**डही, निप्र।** जनपद शिक्षा केंद्र डही में शनिवार को क्षेत्र के माध्यमिक और प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को अपार आईडी कार्ड और अन्य विषय को लेकर बैठक ली गई। बैठक में अपार आईडी कार्ड बनाने को लेकर प्रधान अध्यापकों को बीआरसी मनोज दुबे द्वारा आवश्यक जानकारी दी गई।

वहीं एमआईएस नितेश चौधरी द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान बीएसी हितेंद्र सिंह ठाकुर, मीनाक्षी ठाकुर, मनीषा ठाकुर, अजय भारद्वाज, राकेश घोषी, रमेश सोलंकी आदि उपस्थित थे। प्रशिक्षण के बाद अब विद्यार्थियों के अपार आईडी कार्ड को लेकर स्कूली स्तर पर कवायद शुरू की जाएगी।





#### नि:शुल्क अपार आईडी कार्ड बनाए जाएंगे

बीईओ राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि अपार आईडी कार्ड बनवाने के लिए अभिभावकों की सहमति जरूरी है। वहीं शिक्षक और स्कूल प्रबंधन को भी अभिभावकों को अपार कार्ड से जुड़े तथ्यों की जानकारी देने को कहा गया है, जिससे अभिभावकों के मन में किसी भी तरह का संशय न रहे। बीईओ सिन्हा ने बताया कि अभी निशुल्क अपार आईडी कार्ड बनाए जाएंगे। इसलिए अभिभावकों को अपार आईडी कार्ड से जुड़ी सभी जानकारियां देकर उनकी सहमति ली जा रही है। इस कार्ड को बनवाने के लिए छात्रों से मामूली दस्तावेज ही मंगाए जा रहे हैं, जैसे आधार कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र आदि।

#### क्या है अपार आईडी कार्ड

बीआरसी मनोज दुबे ने प्रशिक्षण में जानकारी देते हुए कहा कि अपार आईडी कार्ड आधार कार्ड की तरह ही सभी स्कूली विद्यार्थियों के लिए तैयार की जाएगी। इसमें विद्यार्थियों के लिए 12 अंकों का यूनिक आइडेंटिफिकेशन नंबर होगा। इसमें बच्चों के नाम से लेकर उनके अभिभावकों तक की जानकारी होगी। इस आइडी को डिजिटल लाकर से जोड़ा जाएगा। इसमें बच्चे का नाम, पता, कक्षा, रोल नंबर, उनके नंबर, डीएमसी, परीक्षा परिणाम, क्रेडिट स्कोर, अभिभावकों का नाम, कारोबार, घर का पता आदि की जानकारी दर्ज होगी।

#### कार्ड में होगी यह जानकारी

बीआरसी दुबे ने बताया कि एक तरह से इसमें विद्यार्थी की हर प्रकार की निजी जानकारी होगी। ये आईडी प्री नर्सरी से लेकर अंतिम पढ़ाई तक एक ही रहेगी। इस आइडी के माध्यम से दुनिया के किसी भी कोने में विद्यार्थी अपने शैक्षणिक रिकार्ड को डिजिटल रूप देख सकेंगे और उसका उपयोग कर सकेंगे।

#### अपार आईडी कार्ड के लाभ

अपार आईडी कार्ड विद्यार्थी की आजीवन पहचान संख्या के रूप में कार्य करता है, जिससे उन्हें अपनी शैक्षणिक प्रगति और उपलब्धियों पर सुचारू रूप से नज़र रखने में मदद मिलती है। अपार नंबर स्कूल, डिग्री कॉलेज, जूनियर कॉलेज और स्नातकोत्तर सहित सभी स्तरों पर छात्रों के शैक्षणिक रिकॉर्ड पर नज़र रखेगा। अपार आईडी कार्ड छात्रों के डेटा को डिजिटल रूप से एक स्थान पर रखेगा। यह छात्रों को उनकी सभी शैक्षणिक जानकारी को एक संस्थान से दूसरे संस्थान में स्थानांतरित करने में मदद करेगा। नतीजतन, देश में कहीं भी नए कॉलेज में प्रवेश पाना आसान हो जाएगा।



## जिले के सभी 37 मंडलों के बूथ केद्रों पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम सुना

विनय उजाला

**धार, निप्र।** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को समय 11:00 बजे से मन की बात 116वें कार्यक्रम के तहत जिले के सभी 37 मंडलों के 1879 बुथ केद्रों पर मन की बात सुनी और 1051 बुथ केंद्रों पर बुथ समिति का स्वागत हुआ. भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज सोमानी बदनावर नगर के बूथ क्रमांक 64 एवं 67 पर तथा धार विधायक नीना वर्मा ने नगर कुशाभाऊ ठाकरे मंडल के बूथ क्रमांक- 90 पर स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात 116वें संस्करण को सुना। धार विधायक नीना वर्मा ने बूथ क्रमांक- 63 पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम को सामूहिक रूप से सुना। मन की बात कार्यक्रम पश्चात विधायक वर्मा ने नवनिर्वाचित बूथ अध्यक्षों का अभिनंदन कर बूथ की टीम के सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी का अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया। विधायक नीना वर्मा ने कहा कि बूथ जीता चुनाव जीता के मंत्र के साथ भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के मंत्र पर चलते हुए हर वर्ग के उत्थान के लिए काम कर रही हे। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य में डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा की सरकार अनेकों जन हितैषी योजनाए चलाई जा रही है और प्रत्येक वर्ग को लाभ मिल रहा है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने बताया कि मन की बात कार्यक्रम में भाजपा वरिष्ठ नेता डॉ शरद विजयवर्गीय नगर मंडल अध्यक्ष नितेश अग्रवाल,शक्ति केंद्र प्रमुख कैलाश पिपलोदिया समेत भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

## भैरव अष्टमी मनाई, हजारों श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण की





विनय उजाला

**डही, निप्र।** नगर के मध्य पुराने बस स्टैंड पर बाबा भैरव नाथ की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम प्रात: विधि विधान से बाबा के समक्ष श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चार द्वारा बाबा का श्रंगार कर पूजा अर्चना की। तत्पश्यात महाआरती कर बाबा को भोग लगाया। उसके बाद महाप्रसादी वितरित की गई। श्री काल भैरव (अष्टमी) जयंती पर भव्य महा आरती हुई।

देर रात तक भंडारा चला। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी डही नगर में पुराना बस स्टैंड पर स्थित श्री काल भैरव मंदिर में भैरव (अष्टमी )जयंती भैरव उत्सव समिति एवं नगर वासियों के द्वारा श्रद्धा भक्ति के साथ मनाई गई। शाम 7 बजे भैरव बाबा की महा आरती हुई। आरती नगर के श्रद्धालुओं के साथ भाजपा के प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल द्वारा की गई। महा आरती के पश्चात भंडारा प्रारंभ हुआ। जो देर रात तक अनवरत चला। 6000 श्रृद्धालुओं ने भैरव देव की पूजा अर्चना कर भण्डारे मे भोजन प्रसादी का लाभ लिया। मालवीय (कल्चुरी) समाज के समाज बंधुओं ने भैरव देव को मदिरा अर्पित की। भैरव उत्सव समिति ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी नगर वासियों का आभार व्यक्त किया। पुलिस प्रशासन की माकूल व्यवस्था रही। साथ ही नगर परिषद द्वारा साफ सफाई, पीने का पानी आदि व्यवस्था में सराहनीय कार्य किया।



## लकड़ी का अवैध परिवहन करते हुए ट्रक को पकड़ा

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** वन मण्डल देवास अंतर्गत वनपरिक्षेत्र देवास की उड़नदस्ता टीम ने मुखबिर की सूचना पर वन मण्डल अधिकारी देवास प्रदीप मिश्रा के आदेश पर वन परिक्षेत्र अधिकारी राजेंद्र सिंह सोलंकी के निर्देशन में मक्सी देवास रोड पर वाहन क्रमांक एम 09 एचजी 0615 को रोककर चेक किया वाहन में पंचमेल काष्ठ भरी थी। वाहन सारंगपुर से इंदौर जा रहा था। परिवहन से सम्बंदित वैध दस्तावेज नही पाए जाने पर लगभग 15 टन लकड़ी वाहन सहित जप्त कर प्रकरण कायम कर बलगढ डिपो देवास लाया गया। कार्यवाही के दौरान उड़नदस्ते प्रभारी तुलसीराम कहार, राजेश चौहान, दिनेश चौधरी, अंकित मण्डलोई, वाहन चालक मनीष परमार एव टोंकखुर्द स्टाफ का सहयोग रहा।

## शादी का झांसा देकर रेप करने वाले आरोपी को कोर्ट ने सुनाई सजा

विनय उजाला

**धार, निप्र।** पंचम अपर सत्र न्यायाधीश रेखा आर. चंद्रवंशी द्वारा बलात्कार के प्रकरण में फैसला सुनाते हुए आरोपी को 10 वर्श के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। प्रकरण में शासन की ओर से अपर लोक अभियोजक शरद कुमार पुरोहित ने बताया कि घटना जनवरी माह वर्श 2022 पीड़िता अपनी बडी बहन के सुसराल तहसील कुक्षी के गांव में आती-जाती रहती थी तो वहां उसकी पहचान अभियुक्त नारायण से हो गई जो पीडिता की दीदी के घर के पास में ही रहता था।

पीड़िता और नारायण के बीच फोन पर बातचीत होती रहती थी, नारायण ने बोला वह पीड़िता से शादी करना चाहता है। पीडिता मनावर कॉलेज में पढाई कर रही थी और नारायण उससे मिलने उसके कमरे पर आता जाता थी और पीडिता से शादी करने का बोलता था, व पीड़िता भरोसा दिलाकर पीडिता की इच्छा के विरूद्ध कई बार पीडिता के कमरे में गलत काम किया। पीड़िता धरमपुरी पढाई करने के लिए आई और नारायण उससे मिलने के लिये आता जाता थी और कहता था पढ़ाई पूरी करने के बाद शादी करेंगे वहां पर भी पीड़िता के साथ शादी का झांसा देकर इच्छा के विरूद्ध पीड़िता के साथ शादी के संबंध बनाए। अभिभाषक पुरोहित के अनुसार मार्च-2023 नारायण ने पीडिता से बातचीत करना, मिलना-जुलना बंद कर दिया। तब पीडिता नारायण के घर गई और शादी करने के लिये बोला। नारायण ने अपने घर पर भी पीडिता के साथ शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता का शोषण किया। पीडिता को मारपीट कर भगा दिया और शादी करने से मना कर दिया। पीडिता ने आरोपी नारायण पिता भुवानसिंह के विरूद्ध महिला थाने धार पर रिपोर्ट लिखाई जिस पर से महिला थाना द्वारा आरोपी नारायण के विरूद्ध अपराध प्रकरण पंजीबद्ध कर निरीक्षक रेणु अग्रवाल द्वारा अनुसंधान कर प्रकरण विचारण हेतु न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

#### 6 साक्षियों के हुए कथन

न्यायालय में चला होकर प्रकरण में अभियोजन की ओर से 6 साक्षियों के कथन न्यायालय में कराए गए। पीड़िता व उसके भाई के कथनो पर पुष्टि पाते हुए एवं अनुंसधानकर्ता व मेडिकल साक्ष्य चके आधार पर न्यायालय द्वारा आरोपी नारायण पिता भुवानसिंह को अपराध धारा 376 (2)(एन) में दोषी पाते हुए 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं दो हजार रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। आरोपी का जेल वारंट बनाकर आरोपी को जिला जेल धार भेजा गया।

### मांडू के जहाज महल भ्रमण करेंगे अतिथि, यहां के मार्ग और इस क्षेत्र का विशेष सौंदर्यीकरण किया जा रहा है

# मांडू का हो रहा है कायाकल्प, आने वाले अतिथियों को अच्छा दिखाने में जुटा प्रशासन

विनय उजाला

**मांडू, निप्र। मांडू में आने वाले डेलिगेट्स को लेकर अब तैयारियां तेज हो गई है उन्हें अच्छा दिखाने के लिए मांडू के जहाज महल और उससे जुड़े क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान के साथ यहां का कायाकल्प किया जा रहा है, कई विभाग के अधिकारी के यहां व्यवस्था की कमान संभाले दिख रहे हैं।**

पर्यटन नगरी मांडू में 27 नवंबर वार मंगलवार को इंदौर में एशियाई सम्मेलन मैं आने वाले डेलिगेट्स के पहले मांडू के जहाज महल क्षेत्र से लेकर मांडू नाके से लेकर लाइट एंड साउंड क्षेत्र की दोनों और सड़कों छेत्र की पटीयो से कूड़े कचरे के ढेर और सड़कों की मरम्मत और मांडू नगर के इन क्षेत्र का सौंदर्यीकरण का काम तेजी से चल रहा है। आज मांडू नगर के नाका क्षेत्र से लेकर जहाज महल के हिंडोला महल लाइट एंड साउंड क्षेत्र तक सड़क के दोनों और से आज नालछा तहसीलदार राहुल गायकवाड और मांडू नगर परिषद की टीम ने आज विशेष साफ सफाई अभियान चलाकर इस मार्ग के कायाकल्प का कार्य किया रविवार। मांडू में इन दोनों आने वाले अतिथियों के स्वागत को लेकर जमीनी स्तर पर मांडू का कायाकल्प किया जा रहा है उन्हें अच्छा दिखाने के लिए विशेष सफाई अभियान के साथ यहां उनसे जुड़ी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए जिला प्रशासन के अधिकारी इन दोनों मांडू में जमीनी स्तर पर तैयारी करते दिखाई दे रहे हैं। 27 नवंबर को मांडू आने वाले इन विदेशी डेलिगेट्स के आगमन को लेकर मांडू में इन दिनों यहां व्यापक तैयारियां तेजी से चल रही है, जिससे मांडू की तस्वीर कुछ बदली बदली नजर आ रही है। इंदौर से सीधे मांडू के जहाज महल पहुंचेंगे डेलिगेट्स 27 नवंबर को, यहां इनका स्वागत भारतीय संस्कृति के अनुरूप किया जाएगा साथ ही यहां इन्हें भ्रमण कराया जाएगा और यहां लाइट एंड साउंड देखेंगे यह अतिथि और मालवा और निमाड़ के लज्जतदार भोजन इन्हें भरोसे जाएंगे विशेष उसको लेकर भी यहां विशेष व्यवस्था की जा रही है उन्हें क्या मेनू दिया जाएगा उसको लेकर भी प्लानिंग जोड़ों पर चल रही है। देश के जाने-माने कुक उन्हें अपने हाथों का लज्जतदार डिनर सर्व कराएंगे जो उनके लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा।



#### यह अधिकारी मोर्चा संभाले हुए हैं

पीथमपुर एसडीएम संदीप गुर्जर, संयुक्त कलेक्टर वसीम अहमद भट्ट, नालछा तहसीलदार राहुल गायकवाड, मांडू नगर परिषद के सीएमओ लाल सिंह राठौड़, सहित अन्य विभागों के अधिकारी इन दोनों मांडू में डेरा डाले हुए हैं और व्यवस्था चाक चौबंद करने में जुटे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### 43वें आईआईटीएफ का मध्यप्रदेश मंडप बना प्रदेश के उद्यमियों, स्व-सहायता समूहों और शिल्पकारों का मंच



**भोपाल, निप्र।** नई दिल्ली में 43वें भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले (आईआईटीएफ) के मध्यप्रदेश मंडप में प्रदेश के विशिष्ट उत्पादों और कला का विक्रय प्रदर्शन किया जा रहा है, जो प्रदेश की समृद्ध संस्कृति और शिल्पकला का प्रतिनिधित्व कर रहा है। मंडप में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए एमएसएमई उद्यमियों, स्व-सहायता समूहों और शिल्पकारों द्वारा तैयार किए गए हस्तशिल्प, हथकरघा, खाद्य प्रसंस्करण उत्पाद, एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) और जीआई उत्पादों के प्रदर्शन और विक्रय के लिए स्टाल लगाए गए हैं। मध्यप्रदेश के मंडप में 25 से अधिक एमएसएमई उद्यमी, स्व-सहायता समूह और शिल्पकार भाग ले रहे हैं। मंडप में प्रदेश के विख्यात हैंडलूम और हस्तकला के विभिन्न स्टाल लगाए गए हैं। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित धार जिले के बाघ प्रिंट्स के शिल्पगुरु श्री मोहम्मद यूसुफ खत्री का स्टाल सर्वाधिक लोकप्रिय हो रहा है। धार के रेवा स्व-सहायता समूह बाघ प्रिंट्स, उज्जैन के मुस्कान स्व-सहायता समूह बटिक प्रिंट्स, अशोकनगर के पाकीजा बुनकर अजरख प्रिंट्स के उत्पाद और सुरभि हैंडलूम चंदेरी साड़ी और सूट लेकर आए हैं। भारतीय बुनकर सहकारी समिति ने सीधी की प्रसिद्ध दरी, रग्स और रनर्स का स्टाल लगाया है। इन दरियों की विशेषता बताई जा रही है कि वे 20 साल या अधिक तक चलेंगी। राजगढ़ की सनशाइन बुनकर सहकारी समिति बेडशीट, बेडकवर, सोफा कवर और पर्दों का विक्रय कर रही है। शिवपुरी के जैकेट्स, देवास के लैदर बैग्स, ग्वालियर के रेडीमेड वस्त्र और रीवा के एलोवेरा जैल भी काफी पसंद किए जा रहे हैं। मंडप में राजगढ़ के अनन्या स्व-सहायता समूह और कटनी के ओमशांति स्व-सहायता समूह ने भी अपने स्टाल लगाए हैं। मंडप में गुना के वरुणदेव स्व-सहायता समूह के रिसाइकल्ड फूलों से निर्मित सुगंधित धूप और अगरबत्ती तथा देवास के दशमेश आयुर्हर्ब सॉफ्टेक के कुकू, अष्टगंधा, उपले, धूपस्टिक और हवन सामग्री की भी मांग हो रही है।



# मध्यप्रदेश में उत्तरी हवाओं ने बढ़ाई ठंड, राजधानी में 36 साल बाद रात का तापमान सबसे कम

## इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन में भी पारा लुढ़का

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। राजधानी भोपाल समेत प्रदेशभर में उत्तरी हवाओं की वजह से सर्दी का असर तेज हो गया है। पिछले एक सप्ताह से राजधानी भोपाल में धुंध छा रही है। सुबह के समय धुंध का असर तेज रहता है।**

दूसरी ओर, प्रदेश के उत्तरी हिस्से यानी, ग्वालियर-चंबल में भी कोहरा छा रहा है। भोपाल में रात का तापमान 8.8 डिग्री पर पहुंच गया। जो नवंबर में 36 साल बाद सबसे कम है। इससे पहले 1988 में नवंबर में रात का सबसे कम तापमान 7.5 डिग्री दर्ज किया गया था। मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेद प्रकाश सिंह ने बताया कि उत्तर से बर्फीली हवा का सबसे ज्यादा असर भोपाल संभाग और उसके आसपास हो रहा है। वहीं, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन में भी तापमान सामान्य से 5 डिग्री तक नीचे लुढ़क गया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 3 दिन प्रदेश में कड़ाके की ठंड रहेगी। उनका कहना है कि पहाड़ों पर बर्फ पिघलने के बाद वहां से आई बर्फीली हवा से ठंड बढ़ी है। अगले दो-तीन दिन और ऐसी कड़ाके ठंड से राहत के आसार नहीं है। इंदौर में शनिवार को दिन का तापमान 27.5 (-2) डिग्री सेल्सियस रहा। रात के तापमान में 2 डिग्री का इजाफा हुआ और तापमान 13.6 (0) डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रविवार सुबह मौसम ठंडा रहा।



धूप खिलने के साथ मौसम साफ है। उज्जैन में रविवार सुबह धूप निकलने के बाद भी हल्की ठंड होने से लोग गर्म कपड़ों में नजर आए। वेधशाला में शनिवार-रविवार की रात का तापमान 12.5 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, पचमढ़ी में रात में टेम्प्रेचर 6.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। यह प्रदेश में सबसे कम रहा। शुक्रवार-शनिवार की रात में मंडला में 7.4 डिग्री, शहडोल के कल्याणपुर में 7.6 डिग्री, अनूपपुर के अमरकंटक में 7.7 डिग्री, शाजापुर के गिरवर में 8.2 डिग्री, उमरिया में 8.9 डिग्री, राजगढ़ में 9.2 डिग्री, नौगांव में 9.5 डिग्री दर्ज किया गया। इसी तरह रायसेन जिले में 10 डिग्री, छिंदवाड़ा में 10.6 डिग्री, गुना-खरगोन में 11 डिग्री, रीवा-टीकमगढ़ में 11.2 डिग्री, खंडवा-रीवा में 11.4 डिग्री, सतना में 11.5 डिग्री, बैतूल में 11.7 डिग्री रहा। सिवनी-सीधी में 12.2 डिग्री, दमोह-खजुराहो में 12.4 डिग्री, रतलाम में 12.5 डिग्री और नरसिंहपुर में 12.6 डिग्री दर्ज किया गया। शनिवार को दिन में भी ठंड का असर देखने को मिला। कई शहरों में पारा 28 डिग्री से कम रहा। मौसम विभाग के अनुसार, वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन के रूप में उत्तरी हिस्से में एक्टिव है। पूर्वी हिस्से में एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन एक्टिव है। वहीं, उत्तरी हवाएं भी प्रदेश में आ रही है। इस कारण तेज ठंड है।

## स्थानीय रोगी कल्याण समिति के माध्यम से अशासकीय विशेषज्ञ चिकित्सकों को अनुबंधित किए जाने के संबंध में आदेश जारी

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के शासकीय चिकित्सालयों में स्थानीय रोगी कल्याण समिति के माध्यम से अशासकीय (निजी) विशेषज्ञ चिकित्सकों को अनुबंधित किये जाने के लिये मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और सिविल सर्जन-सह-मुख्य अस्पताल अधीक्षक तथा समस्त जिला चिकित्सालयों को आदेश जारी कर दिये हैं। आदेश अनुसार अनुबंध की अवधि एक वर्ष के लिये होगी, जिसे प्रदर्शन और पारस्परिक सहमति के आधार पर नवीनीकृत किया जा सकेगा।

आयुक्त लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री तरुण राठी ने जिला चिकित्सालयों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के कारण स्वास्थ्य सुविधाएँ तथा शल्य चिकित्सा आदि प्रभावित होने के दृष्टिगत प्रदेश के शासकीय चिकित्सालयों में जहाँ पर विशेषज्ञ चिकित्सकों के पद स्वीकृत होकर रिक्त हैं तथा उक्तानुसार चिकित्सीय सेवा प्रदायगी के लिये समुचित संसाधन उपलब्ध हैं, वहाँ रोगी कल्याण समिति के माध्यम से (बिना आउटसोर्स एजेंसी) प्रति केस के मान से भुगतान (मासिक आधार पर) प्रावधानित कर अशासकीय (निजी) विशेषज्ञ चिकित्सकों को अनुबंधित किये जाने के लिये कहा है। विशेषज्ञ चिकित्सकों को अनुबंधित किये जाने के लिये भारतीय चिकित्सा परिषद या राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त वैध चिकित्सा डिग्री और विशेषज्ञता योग्यता होनी चाहिये। विशेषज्ञ चिकित्सक का राज्य में चिकित्सीय प्रेक्टिस के लिये मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान परिषद का वैध जीवित पंजीकरण संख्या और लायसेंस होना अनिवार्य है। चिकित्सक के विरुद्ध व्यावसायिक कदाचार (चिकित्सीय सेवा) से संबंधित कोई भी न्यायिक प्रकरण लंबित नहीं होना चाहिये और विशेषज्ञ का अपनी विधा में कार्य किये जाने का न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य है। श्री राठी ने जारी आदेश में जिला चिकित्सालय अशासकीय (निजी) विशेषज्ञ चिकित्सकों को अनुबंधित करने के लिये समिति गठित की है। समिति के अध्यक्ष सिविल सर्जन-सह-मुख्य अस्पताल अधीक्षक, आरएमओ, दो वरिष्ठ चिकित्सक, जिला नोडल अधिकारी, रोगी कल्याण समिति, जिला लेखापाल, सिविल सर्जन-सह-मुख्य अस्पताल अधीक्षक सदस्य और सहायक प्रबंधक जिला चिकित्सालय सदस्य सचिव होंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के अधीन स्वास्थ्य संस्थाओं के लिये अशासकीय (निजी) विशेषज्ञ चिकित्सक को अनुबंधित किये जाने के लिये मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है। समिति में डीएचओ, दो वरि?ठ चिकित्सक, जिला लेखापाल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सदस्य और प्रभारी संबंधित संस्था प्रमुख सदस्य सचिव होंगे।

## ऐशबाग-रोशनपुरा में आज बिजली कटौती

### भोपाल के 25 इलाकों में असर, पंजाबी बाग, जनता क्वार्टर में भी सप्लाई नहीं

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** भोपाल के 25 से ज्यादा इलाकों में सोमवार को 5 से 7 घंटे तक बिजली कटौती होगी। इन इलाकों में बिजली कंपनी मेंटेनेंस का काम करेगी। इस वजह से बिजली सप्लाई बंद रहेगी। जिन इलाकों में बिजली कटौती होगी, उनमें ऐशबाग, रोशनपुरा, पंजाबी बाग, जनता क्वार्टर, मालवीय नगर, रिवेरा टॉवर जैसे कई बड़े रहवासी इलाके भी शामिल हैं।

**इन इलाकों में पड़ेगा असर**

- सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक आकृति, गोमती कॉलोनी, करुणाधाम मंदिर, मालवीय नगर, हैप्पी होम्स, रोशनपुरा एवं आसपास के इलाके।
- सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक पीपलनेर, हाईटेक सिटी, प्रणकृति परिसर एवं आसपास।
- सुबह 10 से शाम 5 बजे तक पंजाबी बाग, गुरुनानक पुरा, बाग फरहत अफजा, ऐशबाग, जनता क्वार्टर, दादा एवेन्यू, एसएस टॉवर एवं आसपास के क्षेत्र।
- सुबह 11.30 से दोपहर 2.30 बजे तक रिवेरा टॉवर, सुरुचि नगर, निवेश नगर।

## शासकीय कार्य में बाधा डालने एवं बिजली कर्मी से मारपीट करने पर सीहोर जिले के चकल्दी में तीन आरोपियों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा सीहोर वृत्त के अंतर्गत रेहटी वितरण केन्द्र के चकल्दी मुख्यालय में शासकीय कार्य के दौरान बिजली कंपनी के कर्मचारी से अभद्र व्यवहार एवं मारपीट करने के आरोप में तीन आरोपियों पर एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई है।

गौरतलब है कि राजकुमार जगेत कंपनी के सीहोर वृत्त के अंतर्गत रेहटी वितरण केन्द्र के चकल्दी मुख्यालय में लाइन हेल्पर आउटसोर्स के पद पर पदस्थ हैं। यहां पर बिजलेंस की टीम द्वारा बिजली चेकिंग का कार्य किया जा रहा था। इस दौरान 66 हजार 982 रुपये बकाया राशि जमा नहीं करने के चलते छोटेलाल साहू के घर की लाइन काटी गई। इसके बाद छोटे लाल की दुकान की लाइन काटने गए थे। इस दौरान छोटे लाल, शुभम तथा रमेश साहू ने लाठी तथा डंडों से लाइन हेल्पर आउटसोर्स राजकुमार जगेत पर हमला किया तथा गंदी गंदी गालियां देते हुए जातिसूचक शब्दों के साथ झूमाझटकी करने लगे। इस घटना की जानकारी जब बिजली कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई तो उन्होंने घटना की एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। फलस्वरूप थाना रेहटी जिला सीहोर में तीनों आरोपियों क्रमशः शुभम साहू, छोटेलाल तथा रमेश साहू के खिलाफ धारा 132, 121(1), 296, 351 (3), 3(5), बीएनएस 3(1), (द), 3(1)(ध), 3(2), 3(वीए) एससीएसटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है। बिजली कंपनी के मैदानी कर्मचारियों और अधिकारियों को ड्यूटी के दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा मारपीट/दुर्व्यवहार की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने तुरन्त एफ.आई. आर. कराने के निर्देश दिए हैं। कंपनी ने कहा है कि प्रायः देखने में आ रहा है कि बिजली कर्मियों पर ड्यूटी के दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा मारपीट/दुर्व्यवहार किया जा रहा है। ऐसी घटनाएं विद्युत अधिकारियों और कर्मचारियों का मनोबल गिराती हैं, इसलिए कंपनी के कार्यक्षेत्र में कार्यरत सभी नियंत्रणकर्ता अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि मैदानी अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार या मारपीट की घटनाओं को पूरी गंभीरता से लिया जाए। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल ने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों/कर्मचारियों से दुर्व्यवहार या मारपीट के मामलों को शासकीय कामकाज में बाधा डालने के तौर पर लिया जाकर तुरंत कानूनी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। कंपनी ने मैदानी अधिकारियों/कर्मचारियों से कहा है कि विद्युत आपूर्ति की स्थिति पर लगातार नजर रखें और जिले के कलेक्टर / पुलिस अधीक्षक से संपर्क कर किसी भी अप्रिय स्थिति में उनसे आवश्यक सहयोग प्राप्त करें।



## फ्री कोचिंग के लिए टेस्ट में बैठे 628 स्टूडेंट्स पास होने वाले 150 को मिलेगा मौका

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** भोपाल में यूपीएससी (संघ लोक सेवा आयोग) और एमपीपीएससी (मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग) की फ्री कोचिंग के लिए रविवार को टेस्ट हुआ। यह टेस्ट एमपीपीएससी प्रीलिम्स जैसा ही था। शासकीय हमीदिया आर्ट्स एवं कॉमर्स कॉलेज गिन्नौरी में दिसंबर से कोचिंग शुरू की जाएगी।

फ्री कोचिंग की कुल 150 सीटों के लिए 900 स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया था। ये रजिस्ट्रेशन अक्टूबर में किए गए थे। हालांकि, रविवार को हुए टेस्ट में 628 स्टूडेंट्स बैठे। इस हिसाब से प्रत्येक 4 में से 1 स्टूडेंट का सिलेक्शन कोचिंग के लिए होगा।

यह कोचिंग एनजीओ आदर्श परिवार एवं आधुनिक नालंदा के सहयोग से शुरू की जा रही है। एनजीओ से जुड़े राम लखन मीणा ने बताया कि, सिविल सेवा की फ्री कोचिंग के लिए 18 से 25 अक्टूबर तक रजिस्ट्रेशन किए गए थे। 990 बच्चों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इनके लिए रविवार को दोपहर 12 से 1 बजे टेस्ट हुआ। 25 प्रश्नों का यह ऑप्शनल टेस्ट था। जिसमें जनरल नॉलेज, सोशल साइंस, साइंस, हिस्ट्री जैसे सब्जेक्ट के प्रश्न शामिल रहे। एक सप्ताह के अंदर रिजल्ट जारी कर देंगे। ताकि, दिसंबर से कोचिंग शुरू की जा सके।

## कायस्थ समाज के बच्चों के लिए मेहंदी, चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन 15 दिसंबर को

### 30 नवंबर तक प्रविष्टि आमंत्रित

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** कायस्थ समाज के बच्चों के प्रोत्साहन एवं उनकी प्रतिभा के विकास हेतु कायस्थम संस्था भोपाल आगामी रविवार,15 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से मेहंदी, निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन करेगी। ये प्रतियोगिताएं कायस्थ समारोह 2025 के तहत होंगी। 17 जनवरी में आयोजित कायस्थ समारोह में प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कारों का वितरण होगा। तीनों प्रतियोगिता निःशुल्क रहेगी।

मेहंदी प्रतियोगिता में दो आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग ले सकेंगे। पहला वर्ग 15 वर्ष से कम आयु वालों का तथा दूसरा वर्ग 15 वर्ष से अधिक आयु वालों के लिए रहेगा। प्रतियोगिता का समय 1 घंटा रहेगा। प्रतिभागी को मेहंदी का कोन स्वयं लाना होगा। ड्राइंग कॉम्पीटिशन तीन आयु वर्ग के लिए होगा। इनमें 5 वर्ष से 8 वर्ष , 8 वर्ष से 12 वर्ष तथा 13 वर्ष से 18 वर्ष तक के आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता का समय 1 घंटा 30 मिनिट रहेगा तथा ड्राइंग शीट संस्था की ओर से दी जायेगी। प्रतियोगिता में कलर (वॉटर कलर) प्रतिभागी को स्वयं लेकर आना होगा। ड्राइंग प्रतियोगिता का विषय - हमारा भोपाल, स्वच्छ भोपाल रहेगा। इसी तरह दो आयु वर्ग के लिए निबंध प्रतियोगिता भी होगी। पहला आयु वर्ग 10 वर्ष से 15 वर्ष का होगा। जिनके लिए निबंध की शब्द सीमा (250 शब्द) तथा दूसरा आयु वर्ग 15 से 18 वर्ष तक के लिए रहेगा। इस वर्ग में निबंध लेखन के लिए शब्द सीमा (350 शब्द) और समय 1 घंटा का रहेगा।

प्रतिभागी को निबंध के लिए कॉपी संस्था की ओर से दी जायेगी। निबंध प्रतियोगिता का विषय-देश का गौरव-कायस्थ समाज रहेगा। निबंध की भाषा हिंदी अथवा अंग्रेजी रहेगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों को आवश्यक जानकारी जिसमें उसका एवं माता - पिता का नाम , आधार कार्ड की जानकारी देना होगी। साथ ही स्कूल का आई .डी .कार्ड की प्रति भी देना होगी। प्रतियोगिता के दौरान मोबाइल फोन वर्जित रहेगा। एक प्रतिभागी एक से अधिक प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकेगा। प्रतिभागी को प्रतियोगिता से 30 मिनिट पहले उपस्थित होकर पंजीयन कराना अनिवार्य रहेगा। प्रतिभागी अपनी एंट्री आयोजन स्थल अथवा मोबाइल नंबर 9425438755, 9479518079, 9303132273, 9893813282 के वाट्सएप पर भी दे सकेंगे। प्रतियोगिताएं भोपाल हॉट एवं डीबी मॉल के पीछे स्थित 9 मसाला के उद्यान में होंगी। प्रतियोगिता संबंधी अन्य जानकारी के लिए उपरोक्त मोबाइल नंबरों पर भी संपर्क किया जा सकता है।

## उप मुख्यमंत्री ने सेमरिया में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा का किया अनावरण

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा से देश की जड़ें मजबूत हो रही हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने देश की तरक्की के लिए जो पौधारोपा था आज वह वट वृक्ष बन गया है। उनकी विचारधारा देश को सुनहरे भविष्य की ओर ले जा रही है।**



देश आर्थिक महाशक्ति बनने की राह पर है। वर्ष 2047 में जब देश की आजादी के 100 वर्ष पूरे होंगे तब भारत आर्थिक महाशक्ति बनकर खड़ा होगा और दुनिया का नेतृत्व करेगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल सेमरिया में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित दीनदयाल जी और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को जीवन में अनेकों कठिनाईयों का सामना करना पड़ा। उन्होंने विरोधी ताकतों को अपनी विचारधारा का लोहा मनवाया। उनकी विचारधारा पर ही चलकर सरकार समाज के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। पंडित दीनदयाल ने जो सपना देखा था उन्हें आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी पूरा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लोगों के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने आयुष्मान योजना लागू की। इससे गरीब से गरीब व्यक्ति भी अच्छे से अच्छे अस्पतालों में पाँच लाख रुपए तक का निःशुल्क उपचार कराने में सक्षम हो गया है। इस योजना का और विस्तार किया गया है जिसमें अब 70 वर्ष अथवा उससे अधिक आयु के नागरिकों का भी आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत करोड़ो लोगों अपना पक्का मकान मिला है। जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर को नल से पानी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। सरकार ने भी लाड़ली बहना योजना लागू कर महिला सशक्तिकरण को मजबूती प्रदान की है। हर तरफ पंडित दीनदयाल जी की विचारधारा को ध्यान में रखकर सरकार द्वारा कार्य किए जा रहे हैं।

### उप मुख्यमंत्री स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में हुए शामिल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ग्राम बहुरीबांध में स्थित जागृति इंटरनेशनल हायर सेकण्डरी स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि जागृति इंटरनेशनल स्कूल के संचालन का यह पाँचवा वर्ष है। यह स्कूल इस क्षेत्र में अच्छी गुणवत्ता की शिक्षा की कमी को पूरा कर रहा है। इस तरह के विद्यालय का संचालन होना इस क्षेत्र के लिए नितांत आवश्यक था। छोटे-छोटे बच्चों ने कार्यक्रम में बेहतरीन नृत्य प्रस्तुत किया। यह बच्चों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इससे बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। बच्चों का केवल पढ़ाई में अच्छा होना ही काफी नहीं है बल्कि उन्हें हर गतिविधि में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। इससे उनमें आत्मविश्वास आता है। बच्चों के लिए शिक्षा और संस्कार दोनो आवश्यक है। यह उनके लिए वरदान साबित होता है। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल बसामन मामा गौवंश वन्य विहार पहुंचकर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री ने गौवंश वन्य विहार परिसर में बन रहे नवीन कार्यालय का निरीक्षण किया। इस अवसर पर विधायक मनगवां इंजीनियर नरेन्द्र प्रजापति, पूर्व विधायक सेमरिया श्री केपी त्रिपाठी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मैकेनिकल खण्ड,**
**लहारपुर डेम के समीप, बाग मुंगालिया, भोपाल, पिनकोड : 462043**
Phone No. 0755-2930001, E-mail ID : emphbpl@mp.nic.in

क्रमांक 1742/तक/का.यं./लो.स्वा./मैके.खण्ड/भोपाल/2024-25 दिनांक : 20/11/2024

**निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 23/2024-25**
**ऑनलाईन निविदा क्रमांक 2024_PHED_383424_1 दिनांक 20.11.2024**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, मैकेनिकल खण्ड भोपाल के अंतर्गत हरदा जिले के खिरकिया विकासखण्ड के ग्राम भंवरपानी एवं हीरापुर में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल प्रदाय कार्य हेतु क्रमशः 20 किलोमीटर क्षमता के सम्पवेल एवं 5 मीटर उंचाई के एम.एस. स्ट्रक्चरपर पोलीथिलीन टंकी की स्थापना पर पाईपलाईन द्वारा घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय कार्य हेतु पाईपलाईन द्वारा घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय कार्य हेतु ऑनलाईन डिजिटली हस्ताक्षरित निविदा दिनांक 06.12.2024 सायं 17.30 बजे तक केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली, लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार से प्रपत्र 'Appendix 2.10' पर आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु अभिलेखों जैसे प्रतिभूति राशि पावती, उक्त कार्य हेतु केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली, लोक निर्माण विभाग में पंजीयन का प्रमाण-पत्र इत्यादि (निविदा अनुसार) निर्धारित अवधि में अनिवार्य रूप से ऑन-लाईन अपलोड करना होगा। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

| कार्य का विवरण | विकासखण्ड का नाम | ग्रामों की संख्या | टेण्डर के प्राक्कलन की अनुमानित लागत राशि (रू.) | धरोहर राशि (रू.) | टेण्डर का मूल्य (रू.) | टेण्डर ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि | टेण्डर खुलने की तिथि | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हरदा जिले के खिरकिया विकासखण्ड के ग्राम भंवरपानी एवं हीरापुर में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल प्रदाय कार्य हेतु क्रमशः 20 किलोमीटर क्षमता के सम्पवेल एवं 5 मीटर उंचाई के एम.एस. स्ट्रक्चर पर पोलीथिलीन टंकी की स्थापना कर पाईपलाईन द्वारा घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय कार्य। | खिरकिया | 02 | 46,49,948.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 06.12.2024, सायं 17.30 तक | 09.12.2024, 15.00 बजे | अनुबंध दिनांक से 07 माह (वर्षाऋतु छोड़कर) |

निविदा से संबंधित अन्य समस्त शर्तें एवं विवरण वेबसाइट पर https://mptenders.gov.in निविदा क्रमांक 2024_PHED_383424_1 दिनांक 20.11.2024 उपलब्ध हैं।

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वा.यां. मैकेनिकल खण्ड भोपाल**

जी-19375/24

## सम्पादकीय

# कानून का उल्लंघन, कंपनियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए

देश के कानून का उल्लंघन करने वाली कंपनी को अवश्य ही दंडित किया जाना चाहिए। बहरहाल, ऐसे कदम उठाते समय जांच एजेंसियों को यह अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए कि वे ना सिर्फ निष्पक्ष रहें, बल्कि निष्पक्ष दिखें भी।ई-कॉमर्स क्षेत्र की फ्लिपकार्ट और अमेजन जैसी कंपनियों ने भारतीय कानून को तोड़ा हो, तो बेशक उन पर प्रावधान के अनुरूप सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।ये दोनों अमेरिकी स्वामित्व वाली कंपनियां हैं (फ्लिपकार्ट में लगभग तीन चौथाई हिस्सा वॉलमार्ट का है)। भारत के ई-कॉमर्स बाजार का सबसे बड़ा हिस्सा उनके पास ही है।एक अनुमान के मुताबिक 70 बिलियन डॉलर के इस बाजार में फ्लिपकार्ट का हिस्सा 32 और अमेजन का 24 फीसदी है।खबर है कि प्रवर्तन निदेशालय ने इनके विक्रताओं पर छापा मारा। उसके बाद इन कंपनियों के अधिकारियों को पूछताछ के लिए बुलाया गया है।आरोप है कि इन कंपनियों ने विदेशी निवेश संबंधी कानून का उल्लंघन किया। इस कानून के तहत विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियां विक्रेताओं के बीच भेदभाव नहीं कर सकतीं।साथ ही ये विक्रेताओं से सामान खरीद कर अपना भंडार नहीं बना सकतीं। अमेजन और फ्लिपकार्ट का कहना है कि उन्होंने किसी कानून का उल्लंघन नहीं किया। मगर ईडी का दावा है कि उसके पास इन कंपनियों के खिलाफ ठोस सबूत हैं।निर्विवाद है कि हर कंपनी- चाहे वो देशी हो या विदेशी- उसे सख्ती से देश के कानून का पालन करना चाहिए। कोई कंपनी ऐसा नहीं करती, तो उसे अवश्य ही दंडित किया जाना चाहिए। बहरहाल, जांच एजेंसियों को ऐसे कदम उठाते समय यह अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए कि वे ना सिर्फ निष्पक्ष हों, बल्कि निष्पक्ष दिखें भी।इस संदर्भ में यह बात इसलिए महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि गुजरे वर्षों में ऐसी धारणा (जो संभव है कि निराधार हो) बनी है कि भारत सरकार के कुछ पसंदीदा उद्योग घराने हैं और जब उनके हित किसी विदेशी (या देशी) कंपनी से टकराते हैं, तो जांच एजेंसियां अति सक्रिय हो जाती हैं।अतीत में वर्तमान सरकार से ही जुड़े रहे कुछ अर्थशास्त्रियों ने इस धारणा को भारत में विदेशी निवेश के रास्ते में मौजूदा रुकावटों में एक बताया है।यह समय अंतरराष्ट्रीय कारोबार के लिए प्रतिकूल है। इस वर्ष भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में भारी गिरावट आई है। इस हाल में उपरोक्त धारणा को तोडऩा अत्यधिक आवश्यक हो गया है। आशा है, ईडी इस अपेक्षा के प्रति जागरूक होगी।

## आज का इतिहास... 25 नवम्बर

### विश्व महिला हिंसा विरोधी दिवस मनाया जाता है

अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा विरोधी दिवस संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित किया गया है, जिसका उद्देश्य महिलाओं के खिलाफ हिंसा को समाप्त करने और महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करने के लिये जागरूकता बढ़ाना है।



विनय उजाला
शिवानी गुप्ता

## शंखनाद

राम नाम का शंखनाद ,
अब बज गया बागेश्वर धाम से ।
कुरुक्षेत्र अब बन जाएगा,
राम ओरछा धाम में।
बागेश्वर सरकार ने ठाना ,
हिंदू राष्ट्र बनाएंगे ।
जात-पात से उठकर हम सब,
सनातनी कहलाएंगे ।
चले चलो और बड़े चलो,
ना देखो पांव के छालों को ।
आगे की पीढ़ी को देखो ,
कहीं गुलाम न बन जाए अनजानो से।
जागो हिंदू अब तो जागो,
तुम कितने टुकड़े करवाओगे,
साधु संतों की आजादी को तुम,
किसके हाथों छींनवाओगे ।
धर्म ध्वजा ले चलो हाथ में ,
हिंदू राष्ट्र अब दूर नहीं ।
खूब नहा ली धरती माता ,
खून की होली दुष्टो से।
देवों की भूमि है कहलाती,
नहीं दानवो दुष्टो की ।
गीता ज्ञान ,भागवत ,पुराण ,
ऋषि मुनियों की तप: स्थली भी ।
गंगा जमुना निर्मल है करती, ा
अमृत है बहती नदियों भी,
आओ मिल संकल्प करें हम,
हिंदू राष्ट्र बनाएंगे ,
हम सब हिंदू मिलकर के ,
सनातनी कहलाएंगे ।



विनय उजाला
**किरण विजय पोरवाल**
**उज्जैन मध्य प्रदेश**

## अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, शिकायत पर केस

**बुरहानपुर, निप्र।** स्कूली चालक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। शिकायत पर शिकारपुरा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर मामला जांच में लिया है। पुलिस को की गई शिकायत में बताया गया कि नितेश पिता सोहनलाल दलाल अपनी स्कूटी से राजपुरा गेट से घर की ओर जा रहा था तभी अज्ञात वाहन चालक ने उसे टक्कर मार दी। जिससे चोंटें आइ। उसका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया।

---

**नेशनल इंटेलिजेंस डायरेक्टर के रूप में तुलसी एवरिल हेंस की जगह लेंगी। 21 साल की उम्र में अपना राजनीतिक सफर शुरू करने वाली तुलसी 4 बार डेमोक्रेटिक पार्टी से सांसद रह चुकी हैं। वह पहली ऐसी गैरअमरीकी हैं, जिन्हें नेशनल इंटेलीजेंस एजेंसी का निदेशक नियुक्त किया गया है।**

# तुलसी गबार्ड अमरीकी सांसद जिन्होंने भगवद्गीता पर शपथ ली

लोकमित्र गौतम



विनय उजाला



3 जनवरी 2013 को अमरीकी संसद यानी कांग्रेस में एक ऐसी घटना घटी,जो तब तक के इतिहास में पहले कभी नहीं घटी थी। अमरीका में हवाई से प्रतिनिधि सभा (हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव) में चुनी गईं तुलसी गबार्ड, शपथ लेने के लिए खड़ी हुईं। उन्होंने अपने हाथ में भगवद्गीता लिया और कहा, 'मैं तुलसी गबार्ड सत्यनिष्ठा से शपथ लेती हूं कि मैं सभी विदेशी और घरेलू शत्रुओं के विरूद्ध संयुक्त राज्य अमरीका के संविधान का समर्थन और बचाव करूंगी; कि मैं इसके प्रति सच्ची आस्था और निष्ठा रखूंगी; कि मैं इस दायित्व को बिना किसी मानसिक पूर्वाग्रह या टाल-मटोल के स्वतंत्र रूप से स्वीकार करती हूं; और कि मैं जिस पद पर आसीन होने वाली हूं, उसके कर्तव्यों का निर्वाहन भली भांति और ईमानदारी से करूंगी- अत: ईश्वर मेरी सहायता करें।'

अमरीका के इतिहास में पहले कभी किसी सांसद ने हिंदू धार्मिक ग्रंथ को अपने शपथ ग्रहण के लिए नहीं चुना था। अत: तुलसी गबार्ड के ऐसा करने पर सब लोगों ने आश्चर्य और उत्सुकता से उनकी तरफ देखा। कुछ सांसदों ने इसे एक प्रगतिशील कदम माना और तुलसी की हिंदू धर्म में आस्था का सम्मान किया। शायद किसी और देश की संसद में ऐसा हुआ होता, तो इस घटना पर हंगामा खड़ा हो जाता, लेकिन अमरीकी कांग्रेस में ऐसा कुछ नहीं हुआ बल्कि अमरीका की बहु-सांस्कृतिक और बहु-धार्मिक परंपरा के लिए इसे एक प्रतीकात्मक जीत समझा गया। तुलसी गबार्ड के इस कदम से अमरीका में रह रहे भारतीय मूल के लोग गर्व और सम्मान से भर गये, उन्होंने तुलसी के इस कदम को भारतीय संस्कृति और हिंदू धर्म के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण बढ़ाने वाला बताया।

हालांकि बाद में कुछ लोगों ने इसकी यह कहते हुए आलोचना की कि यह कदम अमरीकी मूल्यों से अलग है, क्योंकि परंपरागत रूप से अमरीका में शपथ बाइबल पर ली जाती है। लेकिन तुलसी ने इन आलोचनाओं पर स्पष्ट किया कि उनके लिए भगवद्गीता का महत्व व्यक्तिगत व आध्यात्मिक है और यह उनके लिए प्रेरणा का स्रोत है। अत: यह कदम उनकी धार्मिक स्वंत्रता के अधिकार का पालन था। अमरीकी मीडिया और सामाजिक चर्चाओं में भी इसे व्यापक रूप से धार्मिक विविधता और स्वतंत्रता का मुद्दा मानकर ही चर्चा हुई और तुलसी के इस कदम को धर्मनिरपेक्षता तथा व्यक्तिगत अधिकारों का पालन बताया गया। लब्बोलुआब यह कि इस कदम का अमरीका में कोई विरोध नहीं हुआ, न यह विवादस्पद बना। क्योंकि अमरीकी संविधान व्यक्तिगत धार्मिक स्वतंत्रता को महत्व देता है। तुलसी गबार्ड ने भी शपथ ग्रहण के बाद कई जगहों पर कहा था, 'भगवद्गीता ने मेरे जीवन में हमेशा एक मार्गदर्शक की भूमिका निभायी है। यह ग्रंथ मुझे सिखाता है कि कैसे एक नेता और सेवक बनकर नि:स्वार्थ काम करना चाहिए।'

बहरहाल तुलसी गबार्ड द्वारा 2013 में भगवद्गीता के साथ ली गई यह शपथ और हिंदू धर्म से बार बार प्रदर्शित किया गया उनका लगाव इन दिनों इसलिए चर्चा में है, क्योंकि 12 अप्रैल 1981 को अमरीकी द्वीप समूह समोआ में पैदा हुईं और हवाई में पली बढ़ीं तुलसी को नवनिर्वाचित डोनल्ड ट्रंप कैबिनेट में एक बहुत ही महत्वपूर्ण पद दिया गया ह

"। वह राष्ट्रीय खुफिया एजेंसी की निदेशक के रूप में नियुक्त हुई हैं। साल 2013 में अमरीकी प्रतिनिधि सभा में प्रवेश करने वाली तुलसी 2021 तक हवाई की दूसरी कांग्रेसनल डिस्ट्रिक का प्रतिनिधित्व किया है। वह धार्मिक दृष्टि से वैष्णव हिंदू हैं, उनकी आस्था और भगवद्गीता के प्रति लगाव उन्हें विशेष रूप से एक हिंदू पहचान देता है। लेकिन तुलसी गबार्ड न तो जन्म से हिंदू हैं और न ही भारतीय मूल की हैं। यही नहीं 2022 तक वह डेमोक्रेटिक पार्टी में हुआ करती थीं, उन्होंने 2019 में डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति पद की प्राथमिक बहस में कमला हैरिस को शिकस्त भी दी थी। लेकिन साल 2022 में वह डेमोक्रेटिव पार्टी छोड़कर रिपब्लिकन पार्टी में शामिल हो गईं। तुलसी अमरीकी सेना की नेशनल गार्ड में मेजर भी रह चुकी हैं और ईराक युद्ध में अपनी सेवाएं भी दे चुकी हैं। उनकी सैन्य पृष्ठभूमि उनकी राजनीतिक छवि को बेहद मजबूत बनाती है। तुलसी का रूख वैसे अकसर पार्टी लाइन से अलग रहा है, जिस कारण उन्हें स्वतंत्र विचारधारा वाली राजनेता के रूप में भी जाना जाता है।

वह 2020 में डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार भी रहीं। ट्रंप द्वारा अपनी कैबिनेट के लिए चुने जाने पर एक बार फिर से पश्चिमी मीडिया में तुलसी सुर्खियों में हैं; क्योंकि तुलसी विवेक रामास्वामी के बाद दूसरी ऐसी हिंदू नेता हैं, जिन्हें ट्रंप के कैबिनेट में जगह मिली है। नेशनल इंटेलीजेंस डायरेक्टर के रूप में तुलसी एवरिल हेंस की जगह लेंगी। 21 साल की उम्र में अपना राजनीतिक सफर शुरु करने वाली तुलसी 4 बार डेमोक्रेटिक पार्टी से सांसद रह चुकी हैं। वह पहली ऐसी गैरअमरीकी हैं, जिन्हें नेशनल इंटेलीजेंस एजेंसी का निदेशक नियुक्त किया गया है।

हिंदू धर्म की परंपराओं और रीति रिवाजों में गहरी आस्था रखने वाली गबार्ड जन्म और विरासत से हिंदू नहीं हैं। हिंदू हितों की खुलकर और बढ़ चढ़कर बातें करने वाली तुलसी गबार्ड जन्म से समोअन अमरीकी हैं। उनके पिता माइक गबार्ड और उनकी मां कैरोल पोर्टर ने 1970 में हिंदू धर्म अपनाया था। हिंदू धर्म में उनकी आस्था गौड़ीय वैष्णव परंपरा में है, जिससे इस्कॉन भी जुड़ा हुआ है। तुलसी के पिता माइक गबार्ड भी हवाई में एक प्रभावशाली राजनेता हैं, वह हवाई की सीनेट में डेमोक्रेटिव पार्टी के सदस्य हैं। उन्होंने अपना राजनीतिक सफर रिपब्लिकन पार्टी से शुरु किया था। बाद में वह डेमोक्रेट बनें। माइक गबार्ड का जन्म 16 जनवरी 1948 को अमरीका के समोआ क्षेत्र में हुआ था। उनका परिवार यूरोपीय समोअन और अन्य पृष्ठभूमियों का मिश्रण है। जबकि तुलसी की मां कैरोली पोर्टर गबार्ड मूलरूप से कैथोलिक ईसाई हैं। उनका शुरु से ही हिंदू धर्म पर झुकाव था अत: उन्होंने अपने बच्चों के नाम हिंदू रखें।

हालांकि किशोरावस्था तक तुलसी गबार्ड पूरी तरह से हिंदू नहीं थीं, लेकिन मां-बाप की इच्छा और अपनी आस्था के चलते अंतत: किशोरावस्था में आकर तुलसी गबार्ड ने हिंदू धर्म को पूरी तरह से अंगीकार कर लिया। आज वह अमरीका की संसद या राजनीति में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में हिंदू धर्म की सबसे बड़ी और मुखर पैरोकारों में से एक हैं। गबार्ड ने हमेशा से भारत के साथ संबंधों पर खास तरजीह दी है। जब अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाये जाने का प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र में पेश किया गया था, तो यह गबार्ड ही थीं, जिन्होंने सबसे पहला समर्थन इस प्रस्ताव को दिया था, बाद में उन्होंने भारतीय प्रधानमंत्री मोदी की अमरीका यात्रा के दौरान उनसे मुलाकात भी की थी और उन्हें गीता भी भेंट की। अमरीका में जब जब हिंदू धर्मस्थलों पर हमला हुआ है, तो इसका सबसे मुखर विरोध उन्होंने ही किया है।


हाल में जब बांग्लादेश में मंदिरों पर हमला हुआ तो यह तुलसी गबार्ड ही थीं, जिन्होंने इंटरनेट मीडिया पर बांग्लादेश के हिंदुओं के लिए आवाज बुलंद की। तुलसी गबार्ड पाकिस्तान और इसके समर्थन पर चलने वाले आतंकवादी संगठनों का खुलकर विरोध करती हैं। यही वजह है कि जिस क्षण से ट्रंप ने उन्हें अपने कैबिनेट में लिए जाने की घोषणा की है, तब से अमरीका में रह रहा हिंदू समाज बेहद खुश है और इसका जश्न मना रहा है।

**(लेखक विशिष्ट मीडिया एवं शोध संस्थान, इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर में वरिष्ठ संपादक हैं)**

# सर्दियों में शरीर को गर्माइश देता है उष्ट्रासन

दिव्यज्योति 'नंदन'

सर्दियों में हमें ऐसी गतिविधियों की जरूरत होती है, जिनसे हमारे शरीर को जरूरी गर्माइश मिलती रहे। उष्ट्रासन इसके लिए सबसे कारगर उपाय है। सर्दियों में नियमित रूप से उष्ट्रासन करने के कई अन्य फायदे भी होते हैं। वैसे यह अकेला योगासन नहीं है जो शरीर को गर्माइश देता है- सूर्य नमस्कार, पश्चिमोत्तानासन, शीर्षासन, सेतुबंधासन, हलासन, सर्वांगासन, त्रिकोणासन, धनुरासन और वीरभद्रासन भी ऐसे ही आसन हैं जिन्हें सर्दियों में किया जाए तो शरीर को भरपूर गर्माइश मिलती है। लेकिन उष्ट्रासन से कई और महत्वपूर्ण फायदे हैं, जो सर्दियों में हमारे बहुत काम के होते हैं। मसलन- सर्दियों में नियमित रूप से उष्ट्रासन करने से फेफड़े खुलते हैं। शरीर को गहरी सांस लेने में सहूलियत होती है। कमर के निचले हिस्सों में सर्दियों में होने वाले दर्द से राहत मिलती है। इसे करने से कूल्हों में लचीलापन आता है। हमारा पॉश्चर सुधरता है। शरीर का ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है। पेल्विक मसल्स को मजबूती मिलती है। सर्दियों में नियमित रूप से उष्ट्रासन करने से थकान दूर होती है, मासिक धर्म के दौरान होने वाले दर्द में राहत मिलती है। साथ ही सर्दियों में उष्ट्रासन करने से शरीर में ऊर्जा का नियमित संचार होता है। शरीर लचीला होता है और मांसपेशियों में खून का प्रवाह प्रचुर मात्रा में रहता है।



### करने का सही तरीका

सबसे पहले अपने योगा मैट पर वज्रासन की मुद्रा में बैठ जाएं। अब बाजुओं को धड़ के साथ रखकर अपने घुटनों पर खड़े हो जाएं। इस दौरान घुटनों को एक साथ जोड़कर रखें और पैरों को भी। लेकिन अगर मुश्किल लगे तो जबर्दस्ती बिल्कुल न करें। अब थोड़ा थोड़ा पीछे की तरफझुकना प्रारंभ करें और आहिस्ता आहिस्ता दाएं हाथ से दायीं एड़ी को और बाएं हाथ से बायीं एड़ी को पकड़ने की कोशिश करें। इस दौरान गर्दन को बिल्कुल ढीली छोड़ देना चाहिए। इस पर जरा सा भी तनाव न हो। पहले सांस भीतर की ओर खींचें और रीढ़ की निचली हड्डी को आगे की तरफधकेलने की कोशिश करें। इस दौरान ध्यान दें कि शरीर का पूरा दबाव नाभि पर महसूस होना चाहिए यानी नाभि पर खिंचाव का एहसास होना चाहिए। उष्ट्रासन करते समय अपनी कमर को जितना पीछे मोड़ सकें मोड़ें, फिर धीरे से हथेलियों की पकड़ पैरों पर मजबूत बनाएं। इस दौरान आंखें और चेहरा बिल्कुल आसमान की तरफ90 डिग्री का कोण बना रहे हों। पीठ को धनुष जैसा बनाये रखने के लिए अपनी भुजाओं को कंधों का सहारा दें, जितनी देर तक आराम लगे उतनी देर तक ही करें। 30 से 60 सेकंड तक का समय शानदार होता है। अंत में धीमी गति से हाथों को एक एक करके एड़ियों से हटाएं और शुरु की स्थिति में लौट आएं।

### ध्यान रखने वाली बातें

उष्ट्रासन करते समय कुछ बातों को ध्यान में रखना जरूरी होता है। मसलन यह एक साधारण आसन है, फिर भी इसे 30 से 60 सेकंड तक ही करें। इसे दोहराएं नहीं। जब आसन कर रहे हों तो ध्यान दें कि निचले पेट, जांघों, गले, टखनें, लिंग, जांघ की मांसपेशियों, गले और सामने के सम्पूर्ण शरीर पर अच्छी तरह से खिंचाव महसूस हो। आसन करते समय पीठ को बिल्कुल कमान की तरह तानें और जब तक आसन की मुद्रा में रहें, जरा भी इसमें ढील नहीं आनी चाहिए।

### क्यों है यह महत्वपूर्ण

नियमित रूप से उष्ट्रासन करने पर यह हमारे शरीर के रक्तप्रवाह तंत्र को सुचारू बनाता है। इससे सांस लेने के सिस्टम, मांसपेशियों, एंड्रोकाइन और अस्थि पंजर को मजबूत बनाने में मदद मिलती है, इसलिए यह करने से डायबिटीज, अस्थमा, थायरॉयड, पैरा थायरॉयड, स्पांडेलाइटिस या ब्रांकाइटिस में राहत मिलती है। अगर ये समस्याएं नहीं होती हैं,तो इनके आगे होने की आशंकाएं भी कम हो जाती हैं और अगर हैं, तो इन्हें खत्म करने में मदद मिलती है। उष्ट्रासन को दरअसल ऊंट मुद्रा कहा जाता है। इसे करने से प्यूटट्री ग्रंथि उत्तेजित होती है, जिससे इसे लंबाई बढ़ाने के लिए भी सबसे अच्छे आसनों में से एक माना जाता है। यह एक बैकबेंड है, जिसमें हम घुटनों पर खड़े होकर पीछे की ओर झुकते हैं।

### बरतें सावधानी

अगर आपकी पीठ के निचले हिस्से में किसी भी तरह का दर्द है या कभी चोट लगी है तो उष्ट्रासन बिल्कुल न करें। अगर थायरॉयड काफी बढ़ा हुआ है, तो भी उष्ट्रासन नहीं करना चाहिए। इसे पीठ दर्द का अपनी तरफसे नुस्खा मानकर भी नहीं करना चाहिए। हालांकि यह घुटने के दर्द और कमर के दर्द में राहत देने वाला माना जाता है, लेकिन इसके लिए योग्य योगाचार्य से पहले संपर्क कर लें, फिर करें। उष्ट्रासन के बाद अगर और भी आसन करना है तो दंडासन और सर्वांगासन के साथ साथ शीर्षासन और ऊर्ध्व धनुरासन या चक्रासन कर सकते हैं।

विनय उजाला
**- इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर**

---

**मंदिर: राष्ट्र के ऊर्जा केंद्र ग्रंथ का भव्य समारोह में विमोचन**

# धर्म प्रचार और समाज प्रबोधन का केंद्र बनें मंदिर: मिलिंद परांडे

विनय उजाला

**मुंबई। हमारे मंदिर प्राचीन काल की तरह समाजाभिमुख बनकर पुन: शिक्षा, चिकित्सा, सेवा, आस्था, प्रेरणा, शक्ति, धर्म प्रचार और समाज प्रबोधन का केंद्र बनें, यह आज की महती आवश्यकता है। ये विचार विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे ने %मंदिर राष्ट्र के ऊर्जा केंद्र% ग्रंथ के विमोचन समारोह के दौरान प्रमुख वक्ता के रूप में बोलते हुए व्यक्त किये।**

यह भव्य विमोचन समारोह शुक्रवार, 23 नवम्बर, 2024 की शाम मुंबई के दादर पूर्व स्थित स्वामीनारायण मंदिर के योगी सभागृह में आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि यदि समाज बँट गया या सो गया, तो मंदिर पुन: ध्वस्त हो जायेंगे, इसलिए हमें ऐसे सशक्त संगठित जागरूक समाज का निर्माण करना होगा कि भविष्य में भी कोई भी मंदिरों को तोड़ने का साहस न कर पाये। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व को जागरण और विमर्श के केंद्र में लाने में हमारे मंदिरों और खासकर राम जन्मभूमि आंदोलन की प्रमुख भूमिका रही है। उन्होंने बताया कि मंदिरों के विविध पहलुओं को इस मंदिर विशेष ग्रंथ में रेखांकित किया गया है। अत: निश्चित रूप से यह ग्रंथ सभी के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होगा। उन्होंने हिंदी विवेक पत्रिका के इस सराहनीय कार्य के लिए समूची टीम का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि आज देश का कोई भी चर्च या मस्जिद सरकारी नियंत्रण में नहीं है, किंतु मंदिरों को सरकारी नियंत्रण में रखा गया है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी सरकार से कहा है कि मंदिरों को नियंत्रित कर उसकी व्यवस्था सम्भालना सरकार का काम नहीं है। बावजूद इसके मंदिरों को सरकारी नियंत्रण में रख कर मंदिरों की सम्पत्ति का सरकार दुरुपयोग कर रही है। इसलिए मंदिरों को मुक्त करना हमारा कर्तव्य है। मंदिर की अर्थव्यवस्था, व्यवस्थापन, कार्यप्रणाली, पारदर्शिता, समाज की सहभागिता और मंदिर के सम्बंध में हमारी दृष्टि कैसी होनी चाहिये, ऐसे विविध विषयों के सम्बन्ध में इस ग्रंथ में अवगत कराया गया है।




मुंबई में आयोजित मंदिर : राष्ट्र के ऊर्जा केंद्र ग्रंथ के भव्य विमोचन समारोह में मंच पर विराजमान विभिन्न अतिथिगण ग्रंथ का विमोचन करते हुए।

हिंदी विवेक पत्रिका द्वारा प्रकाशित 'मंदिर- राष्ट्र के ऊर्जा केंद्र' ग्रंथ के इस विमोचन समारोह में विश्व हिन्दू परिषद की नवीन दिनदर्शिका का विमोचन भी किया गया। मंच पर विराजमान विहिप के केंद्रीय संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे, मंदिर स्थापत्य एवं मूर्ति विशेषज्ञ डॉ. गो. बं. देगलूरकर, झा कंस्ट्रक्शन प्रा. लि. के चेयरमैन एवं एमडी रामसुंदर झा एवं उनकी धर्म पत्नी मनोरमा झा, विहिप कोंकण प्रांत के मंत्री मोहन सालेकर, हिंदुस्थान प्रकाशन संस्था के अध्यक्ष पद्मश्री रमेश पतंगे, हिंदी विवेक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमोल पेडणेकर एवं हिंदी विवेक की कार्यकारी सम्पादक श्रीमती पल्लवी अनवेकर द्वारा संयुक्त रूप से विशेष ग्रंथ एवं दिनदर्शिका का विमोचन किया गया। प्रारम्भ में हिंदी विवेक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमोल पेडणेकर ने अपनी प्रस्तावना में हिंदी विवेक पत्रिका के 15 वर्षों की उल्लेखनीय सफल यात्रा पर संक्षेप में प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमने मंदिरों के महत्व को भुला दिया, इसलिए हमें गुलाम होना पड़ा। मंदिर राष्ट्र एवं समाज जागरण के प्रमुख केंद्र रहे हैं, इसलिए हमारे मंदिरों की परम्परा को पुन: शुरू करने से ही भारत विश्वगुरु की भूमिका सुनिश्चित कर पायेगा। उन्होंने बताया कि लोकरंजन के साथ लोकमंगल करने के उद्देश्य से हिंदी विवेक पत्रिका द्वारा %मंदिर- राष्ट्र के ऊर्जा केंद्र% ग्रंथ को प्रकाशित किया गया है। इसके बाद हिंदुस्थान प्रकाशन संस्था के अध्यक्ष पद्मश्री रमेश पतंगे ने कहा कि जब समाज खड़ा हो गया, तो राम मंदिर बन गया। इसलिए समाज का एक साथ खड़ा होना आवश्यक है। साथ ही यह सोचना ज़रूरी है कि मंदिर और देवता का सामर्थ्य क्या होता है ? हमें हिन्दू समाज में व्याप्त भेदभाव और कमियों को दूर करना होगा, तभी समाज संगठित एवं शक्तिशाली स्वरूप में खड़ा होगा। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल को ऐसा क्यों लगा कि सोमनाथ का मंदिर खड़ा होना चाहिये ? के.एन. मुंशी और राजेंद्र प्रसाद को क्यों लगा कि मंदिर खड़ा होना चाहिये ? तब तो विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता नहीं थे, क्योंकि विहिप का जन्म भी नहीं हुआ था, परंतु वे इस बात को जानते थे कि भारत स्वतंत्र हो रहा है और स्वतंत्रता के प्रतीक क्या हैं, तो वे हमारे मंदिर हैं।

## भोले का राग



मैं भोले का राग सुनाता हूं,
मनचाही धुन में गाता हूं,
भोले जिव्हा पर आते हैं,
और मन-दर्पण कर जाते हैं।
मैं भोले का राग ...
मैं मंदिर-मंदिर कब जाऊं,
भोले तो मन में बसते हैं,
वो हर इच्छा पूरी करते,
और मन ही मन में हंसते हैं।
मैं भोले का राग ...
हम जन्म से ही याचक बन कर,
भोले को पूजा करते हैं,
वो भोले हैं भंडारी हैं ,
भंडार सभी के भरते हैं।
मैं भोले का राग ...
दुनिया में आना-जाना तो,
भोले की इच्छा पर निर्भर,
जो कर्म करें हम पावन तो,
बन जाएं गंगा-से निर्झर।
मैं भोले का राग ...
दुनिया की देखा-देखी में,
मन को भी ना हम अधीर करें,
थोड़ा भोले को पहचाने ,
और उनके-सा गंभीर बनें।
मैं भोले का राग ....
पाकर भोले का साथ जरा,
दुनिया में जीना सीखो तुम,
भोले का साथ अनूठा है,
बाकी आडंबर झूठा है।
मैं भोले का राग ....
(189/240 वां मनका)



विनय उजाला
**कार्तिकेय त्रिपाठी (राम)**
**गांधीनगर, इन्दौर, (म.प्र.)**

## संक्षिप्त समाचार

### जिला स्तरीय आर्म रेसलिंग ट्रायल 2024

**बड़वानी, निप्र।** जिला स्तरीय आर्म रैसलिंग ट्रायल 1 दिसंबर रविवार प्रात: 10 बजे श्री बजरंग व्यायाम शाला बड़वानी पर रखी गई है। बड़वानी जिला आर्म रेसलिंग एसोसिएशन के सचिव मनोज पटेल ने बताया कि जिन खिलाड़ियों का चयन होगा वह खिलाड़ी 15 दिसंबर को इंदौर में राज्य स्तरीय आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे। यह ट्रायल पुरुष व महिला सब जूनियर, जूनियर, सीनियर व दिव्यांग खिलाड़ी भाग ले सकेंगे इच्छुक खिलाड़ी अपनी एंट्री 29 नवंबर तक मनीष गुप्ता 98933 44453, मनोज पटेल 97 52794241, नरेंद्र पारगीर 98934 12459 पर करवा सकते हैं।

### सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपर वाईजर भर्ती शिविर में 18 युवाओं का चयन

**खरगोन, निप्र।** भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली एवं भारत सरकार पसारा एक्ट 2005 के अंतर्गत एवं जिला खरगोन मध्य प्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग इंडिया लिमिटेड जवासा नीमच द्वारा ग्रामीण व शहरी शिक्षित युवाओं को सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाईजर के पदों पर भर्ती के लिए 24 नवम्बर को जनपद पंचायत झिरन्या में शिविर का आयोजन किया गया था , जिसमें 37 लड़कों ने भाग लिया। इनमें से भर्ती आधिकारी सुरेन्द्र कुमार ने मापदंड के आधार पर 18 लडकों का चयन किया गया। सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती के लिए 23 नवंबर को जनपद पंचायत बड़वाह में, 25 नवंबर को जनपद पंचायत महेश्वर में, 26 नवंबर को जनपद पंचायत गोगावा में, 27 नवंबर को जनपद पंचायत सेगांव एवं 28 नवंबर को जनपद पंचायत खरगोन में प्रात: 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक शिविर का अयोजन किया जाएगा , जिसमें चयनित युवाओं को औद्योगिक क्षेत्र दिल्ली का लाल किला, चित्तौड़ का किला, ग्वालियर का किला, भोपाल मडदीप, दैनिक भास्कर ऑफिस रतलाम, उज्जैन महाकाल मंदिर, बागेश्वर धाम, खजुराहो का मंदिर, आयोध्या राम मन्दिर, सांची स्तूप, आगरा का ताजमहल, गवालियार का किला, एसबीआई बैंक, आईडीबीआई बैंक सहित गुजरात म.प्र. में 13000 से 18000 की सैलरी पर रखा जाएगा। चयनित युवाओं को पीएफ, पेंशन, ग्रेच्युटी, मेडिकल, वेतन वृद्धि, प्रमोशन, इंश्योरेंस एवं दो बच्चों की पढ़ाई अंतरराष्ट्रीय स्तर के आईपीएस स्कूल देहरादून में करवा सकते हैं।

### कलेक्टर की पहल स्नेह सरोकार अभियान बना जनता का अभियान



**बड़वानी, निप्र।** किसी भी संस्थान के सर्वांगीण विकास के लिए सभी की भागीदारी होने से उस संस्थान में चौतरफा विकास तो होता ही है साथ ही एक सर्व समावेशी समाज की अवधारणा भी साकार होती है। कुछ इस तरह के भाव के साथ कलेक्टर डॉ राहुल हरिदास फटिंग के द्वारा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए आशाग्राम ट्रस्ट द्वारा संचालित सी डब्ल्यू एस एन छात्रावास में स्नेह सरोकार अभियान की 1 वर्ष पूर्व शुरुआत की थी जिसके आशातीत परिणाम दिखाई देने लगे हैं। स्नेह सरोकार के तहत कलेक्टर डॉ राहुल फटिंग के प्रयास से जन सहयोग से जहां पूरे छात्रावास का नव सृजन हुआ है वही विभिन्न संसाधनों से सहयोग के साथ-साथ लोग पौष्टिक व्यंजनों को भी विभिन्न उत्सवों पर यहां लाकर बच्चों के बीच वितरित कर अपनी खुशियां साझा कर रहे हैं। इसी कड़ी में अंजड़ के के एम कोटेक्स जैन परिवार के द्वारा अपने नौनिहाल वीर के जन्मदिन के अवसर पर विशेष बच्चों के छात्रावास पहुंचकर जन्मदिन मनाया बच्चों के साथ नन्हे वीर और कायरा ने मिठाई बाटकर अपनी खुशियों को समावेशी बनाया। श्रीमती मीना जैन एवं मोहित जैन ने बताया हम इस छात्रावास से जुड़कर स्नेह सरोकार के भाव को साकार करने के लिए प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने कहा कि छात्रावास को कलेक्टर तथा ट्रस्ट के अध्यक्ष महोदय के द्वारा आदर्श स्वरूप में संचालित करने का बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य किया है जो की हमारे जैसे अन्य लोगों को भी इन बच्चों के लिए कुछ करने का प्लेटफॉर्म उपलब्ध करा रहा है। इस दौरान आशाग्राम ट्रस्ट एवं छात्रावास के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### मां व शिशु के पोषण स्तर को बढ़ाने के लिए सकारात्मक व्यवहारगत परिवर्तन पर आधारित फोटो प्रदर्शनी लगाई गई





**बड़वानी, निप्र।** जिले में जी.आई.जेड और डब्ल्यू. एच.एच. के सहयोग से महिला एवं बॉल विकास विभाग के साथ समन्वय कर पहल जन सहयोग विकास संस्थान के द्वारा सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। इस दौरान बड़वानी जिले के राजपुर ब्लॉक के ग्राम उपला, निवाली ब्लॉक के ग्राम सिलदड में फ़ोटो प्रदर्शनी लगाई गई। कुछ दिनों पहले इन गाँवो में 2-2 किशोरी बालिकाओं के द्वारा माँ एवं शिशु के पोषण से जुड़े हुए सकारात्मक व्यवहारों और अच्छी आदतों के फोटो लिए गए। और उनमें से प्रभावी फ़ोटो को छांट कर गांव में फ़ोटो प्रदर्शनी में लगाई गई। फोटो प्रदर्शनी में फ़ोटो के साथ-साथ सकारात्मक व्यवहारों से जुड़े हुए मुख्य संदेश भी लिखे हुए है। जिनको पढ़ कर आसानी से समझा जा सकता है। की यह फोटो देख कर हमें किन सकारात्मक व्यवहारों को अपने परिवार में अपनाना है। कार्यक्रम में जी.आई.जेड. जर्मनी से नदिन मेडम और मारी मेडम और डब्ल्यू. एच. एच. से मोहसिन जी एवं एका संस्था भोपाल से सीमा मेडम और आरुल जी तथा भोपाल से पोषण विशेषज्ञ भावना मेडम, बड़वानी से पहल जन सहयोग विकास संस्थान की टीम और गांव की महिलाओं, पुरुषों, बच्चों, आँगनवाड़ी कार्यकर्ता और आँगनवाड़ी पर्यवेक्षक दीदियों सहित कुल 280 लोगो ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

# अपार आईडी तैयार करने हेतु प्रधानपाठक, शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

**नर्सरी से बारहवीं क्लास तक के विद्यार्थियों की बनाई जा रही अपार आईडी, पालकों द्वारा विद्यार्थियों की सही जानकारी विद्यालय प्रबंधन को देकर प्रपत्र दो में दी जा रही सहमति**

विनय उजाला

**पलसूद, निप्र। नगर के जनशिक्षा केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या पलसूद विकासखण्ड राजपुर जिला बडवानी में यूडायस प्लस, ड्रॉप बॉक्स, अपार आईडी बनाने हेतू प्रशिक्षण आयोजित किया गया।**

राज्य शिक्षा केंद्र के संचालक हरजिंदर सिंह एवम जिला कलेक्टर बडवानी द्वारा जारी सर्कुलर के परिपालन में जिला स्तर पर डिपिएमयू बैठक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत की अध्यक्षता में आयोजित होकर अकादमिक, एफऐलएन, मिशन अंकुर, यूडायस प्लस, अपार आईडी बनाने हेतू डीपीसी प्रमोद कुमार शर्मा, एपीसी अशरफ खान, महेंद्र लोनारे प्रोग्रामर योगेश निंगवाल, राजीव शर्मा द्वारा जनशिक्षक, बीऐसी, बीआरसी की बैठक आयोजित कर समय सीमा में कार्य करने हेतु निर्देशित कर ओरियंटेशन किया गया था। उसी तारतम्य में जनशिक्षक सुरेशचंद्र राठौड़ द्वारा क्लस्टर लेवल पर शासकीय एवम अशासकीय स्कूलों के प्राचार्य, प्रधानपाठक, शिक्षको की बैठक आयोजन के दौरान अपार आईडी ऑटोमेटेड, परमानेंट, अकादमिक, अकाउंट



रजिस्ट्री मल्टी पर्पज उपयोगी होगा, वन नेशन वन आईडी का उद्देश्य पूरा होगा इसका उद्देश्य, आईडी जेनरेट हेतु कार्यवाही, प्रक्रिया, अपार दिवस, स्कूल स्तर पर किया जाने वाला कार्य, विकासखण्ड, जिला स्तर से त्रुटि सुधार के लिऐ किया जाने वाला कार्य, मोनिटरिंग अर्थारिटी सहित विभागीय कॉम्पोनेंट, युडायस प्लस, स्कॉलरशिप, ड्रॉप बॉक्स इंपोर्ट के माध्यम से खाली करना, साक्षरता सर्वे, वार्षिक कार्य योजना 2025- 26, अर्धवार्षिक परीक्षा, टैबलेट क्रय, प्रशस्त एप, स्ह 3, फॉर्म, सहित इत्यादि योजनाओं पर कार्य 30 नवंबर तक पुर्ण कर क्लस्टर के माध्यम से ब्लॉक, जिले तक रिपोटिंग लिया जायेगा, इस दौरान प्राचार्य जगदीश चंद्र राठौड़, सीऐसी अरुणा अजरावनीया, सुरेशचंद्र राठौड़, मनोज राठौर, मनीष गुप्ता, नवाज, केवल अलावे, रामदास जमरे, शांतिलाल चौहान, आशाराम वास्केल, आशीष कुशवाह, धन्नालाल जमरे, मुस्कान जैसवाल, ज्योति डावर, हमीदा कुरैशी, दिलीप चौहान, रितु मंडलोई, आलेखा चौहान, हर्षिता राठौड़, सूरज वास्केल, उर्मिला वर्मा दुर्गा राठौड़ सुनिता सोनी, सावित्री राठौर काशीराम जमरे, मीना जाजमे, उर्मिला चौहान, मुकेश चौहान ऐलाश डावर सहित सभी प्रधानपाठक उपस्थित रहे।



## मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ की बैठक

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष विजयराय सुनहरे द्वारा रखी गई बैठक में 1 दिसम्बर 2024 को बी.टी.आई रोड़ पर सरस्वती विद्या मंदिर खरगोन में आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम को लेकर के चर्चा की गई।

मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष विजयराय सुनहरे द्वारा प्रत्येक ब्लॉक और तहसील अध्यक्षों को अधिक से अधिक कर्मचारियों को कार्यक्रम में लाने का लक्ष्य दिया गया । मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के मीडिया प्रभारी श्याम पाटीदार द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अलग अलग कार्यों का विभाजन किया गया।

## ग्राम राखी बुजुर्ग में गुजेंगे गायत्री मंत्र, 24 कुंडीय शक्ति संवर्धन गायत्री यज्ञ का होगा आयोजन. 26 नवंबर को भूमिपूजन कार्यक्रम

विनय उजाला

**खेतिया, निप्र।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्ग दर्शन में 24 कुण्डीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ का आयोजन ग्राम राखी बुजुर्ग में किया जा रहा है।आयोजन की जोरदार तैयारी चल रही है।आयोजन प्रभारी दशरथ मिस्त्री ने बताया की यज्ञ स्थल का भूमि पूजन आयोजन 26 नवंबर मंगलवार को पंडित मेवालाल जी द्वारा वैदिक मंत्रोचार से किया जाएगा।



आयोजन में मुख्य अतिथि पन्नालाल बिड़ला, समन्वयक उपजोंन ओंकारेश्वर, महेंद्र भावसार समन्वयक जिला बड़वानी और जमीन दान दाता शिरोडे परिवार के साथ प्रमुख ट्रस्टी त्रंबक टेलर की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न होगा। मां भगवती चेतना केंद्र निर्माण में स्व: श्रीराम व स्व: पुंडलिक कृपाराम जी सिरोड़े की स्मृति में सुपुत्र संजय सिरोडे द्वारा एक एकड़ जमीन मुख्य रोड पर गायत्री परिवार को दान में दी है।उसी जमीन पर 24 कुण्डीय गायत्री यज्ञ होगा और आगामी चरण में मां भगवती चेतना केंद्र का निर्माण किया जाएगा। मिडिया प्रभारी संजय सिरोडे ने जानकारी दी की पानसेमल तहसील गायत्री परिवार द्वारा आस पास के ग्रामों में निमंत्रण देकर यज्ञ आयोजन की रूप रेखा बता रहे है भूमि पूजन में 51 जोड़े द्वारा पूजन क्रम होगा। तहसील समन्वयक भीकालाल माहले ने भगवती चेतना केंद्र राखी बुजुर्ग द्वारा आयोजित यज्ञ अवसर के भूमि पूजन में सर्व धर्म और सामाजिक सस्थाओ को आमंत्रण दिया गया साथ में भातकी, मलफा, निसरपुर, रानीपुरा, और नगर वासियों के बीच भी पहुंचकर न्योता दे रहे है।

## साक्षात्कार देना एक कला है, सहजता और सजगता से मिलती है सफलता

विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** सार्वजनिक एवं निजी सेवा में चयन का अंतिम पड़ाव साक्षात्कार होता है। इसे पार कर लेने के बाद मंजिल मिल जाती है. इंटरव्यू देना एक कला है। अभ्यर्थी इसे लेकर बहुत अधिक चिंतित रहते हैं. उनमें प्राय: डर और झिझक जैसे तत्व होते हैं, जो उन्हें नाकामयाब बना देते हैं।

व्यवहार, उपस्थिति और बातचीत में सहजता तथा प्रश्न सुनने एवं उत्तर देने में सजगता हो तो आसानी से सफलता मिल जाती है। ये बातें प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी के स्वामी विवेकानन्द करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा संचालित की जा रही इंटरव्यू की तैयारी की नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यशाला में वन सेवा, राज्य सेवा और सहायक प्राध्यापक चयन के अभ्यर्थियों को ट्रेनिंग देते हुए सर्टिफ़ाइड सॉफ्ट स्किल ट्रेनर डॉ. मधुसूदन चौबे ने कहीं। इस समय प्राचार्य डॉ. वीणा सत्य के मार्गदर्शन में करियर सेल द्वारा मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से विभिन्न पदों पर चयनित होने के क्रम में साक्षात्कार तक पहुंचे युवाओं की इंटरव्यू की तैयारी करवाई जा रही है।



### इन पर करें फोकस

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से विभिन्न पदों के लिए इंटरव्यू के माध्यम से चयनित हो चुके डॉ. मधुसूदन चौबे ने बताया कि हम इंटरव्यू को कुछ सेक्शन में बाँट सकते हैं. प्रारम्भ में कुछ परिचयात्मक प्रश्न होते हैं। ये पारिवारिक पृष्ठभूमि, स्कूल और कॉलेज की शिक्षा, गृह जिले की विशेषताओं आदि पर आधारित होते हैं. इसके पश्चात उस पद से सम्बन्धित प्रश्न होते हैं, जिसके लिए चयन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत विभागीय संरचना, पदीय दायित्व, कर्तव्य, अधिकार, सम्बन्धित नीतियां, क़ानून आदि शामिल होते हैं. असिस्टेंट प्रोफ़ेसर के अभ्यर्थियों से राष्ट्रीय शिक्षा नीति, यूजीसी, रिसर्च वर्क पर प्रश्न किये जाते हैं। कई बार सिलेबस के किसी चेप्टर पर डेमो देने के लिए भी कहा जाता है। सिचुएशन बेस्ड प्रश्न भी होते हैं। इसमें अभ्यर्थी के समक्ष एक काल्पनिक स्थिति रखी जाती है और उस पर उसकी कार्यनीति, प्रतिक्रिया आदि के बारे में पूछा जाता है. कॉलेज में मॉक इंटरव्यू सेशन भी हो रहे हैं।

### करियर सेल में करें सम्पर्क

कार्यकर्तागण डॉ. प्रीति गुलवानिया और वर्षा मुजाल्दे ने बताया कि प्रतिदिन दोपहर 1 से 2.30 बजे तक इंटरव्यू के अभ्यर्थियों को मार्गदर्शन दिया जा रहा है। ज्ञात हो कि करियर सेल अपनी गतिविधियाँ बिना किसी बजट आवंटन के अपने 150 से अधिक कार्यकर्ताओं के माध्यम से नि:शुल्क सम्पन्न करता है। इसका लाभ सैकड़ों विद्यार्थियों को मिल रहा है।



## प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डलेश्वर के मार्गदर्शन में 07 नवम्बर को माध्यमिक विद्यालय पिपल्या बुजूर्ग में विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत विविध कार्यक्रमों के आयोजन के तहत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।

इसमें प्रथम पुरस्कार कु. संध्या, द्वितीय पुरस्कार कु साक्षी एवं तृतीय पुरस्कार हेमंत को शील्ड मय प्रशस्ति पत्र एवं शेष भाग लेने वाले विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार 23 नवम्बर को प्रदाय किया गया। इस अवसर पर के.के. निनामा जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश भीकनगांव एवं पैरालीगल वालेन्टियर्स सुश्री रितु चौहान, प्रधान पाठक केशरसिंह डावर एवं अतिथि शिक्षक श्रीमती ज्योति वर्मा, न्यायिक कर्मचारी धर्मेन्द्र पवार, स्टेनोग्राफर मथुरालाल मण्डलोई, सेल अमीन एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## कैडेट्स ने 76वां, एनसीसी दिवस पौधारोपण एवं मार्च पास्ट कर मनाया

**बड़वानी, निप्र।** पीएम कॉलेज ऑफ़एक्सीलेंस एस.बी.एन गोवरमेंनट पी.जी. कॉलेज बड़वानी में कैप्टन डॉ एम एस मोरे एवं लेफ्टीनेंट डॉ सपना गोयल के मार्गदर्शन में एनसीसी दिवस कैडेट्स ने मनाया। कैप्टन डॉ.एम.एस. मोरे ने बताया कि एनसीसी का उद्देश्य देश के युवाओं में चरित्र ,अनुशासन ,नेतृत्व धर्मनिरपेक्षता, साहस, तथा निस्वार्थ सेवा भाव का संचार करना है। इसके अलावा इसका उद्देश्य जीवन के सभी क्षेत्रों में नेतृत्व गुणों के साथ संगठित, प्रशिक्षित और प्रेरित युवाओं का एक समूह बनाना है जो राष्ट्र की सेवा करेंगे चाहे वे किसी भी करियर का चयन करे। कैडेट्स ने परेड, पौधारोपण ,रक्तदान एवं महाविद्यालय के मुख्य गार्डन की सफ़ाई कर एनसीसी दिवस मनाया। इस अवसर पर भूतपूर्व प्राचार्य आदरणीय डॉक्टर दिनेश वर्मा सर ने एनसीसी कैडेट्स को हेल्थ हाइजीन, अनुशासन एवं एनसीसी के द्वारा आर्मी ,नेवी एवं एयर फ़ोर्स तथा मध्य प्रदेश पुलिस सेवा में जाने का महत्व बताया और अपने करियर में अन्य छात्रों से किस प्रकार एनसीसी कैडेट्स अलग होते है।

## एनसीसी के 76वें स्थापना दिवस पर कैडेट्स ने दी ध्वज को सलामी

विनय उजाला

**मंडलेश्वर, निप्र।** नगर के महात्मा गांधी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संचालित एनसीसी ट्रूप द्वारा एन सी सी के 76 वें स्थापना दिवस को अनुशासित तरीके के साथ समारोह पूर्वक मनाया गया।

इस अवसर पर एनसीसी ऑफिसर राकेश बारिया संस्था प्राचार्य जे के सोनी ने एन सी सी के ध्वज का ध्वजारोहण किया



एनसीसी कैडेट द्वारा एनसीसी फ्लैग को सलामी देते हुए सामुहिक राष्ट्रगान एवं एनसीसी गान किया गया। प्लाटून कमांडर रौनक वर्मा द्वारा एनसीसी कैडेट को मार्च पास्ट करवाया गया। प्राचार्य जे.के. सोनी द्वारा एनसीसी कैडेट्स को एकता एवं अनुशासन की शपथ दिलाई। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि एनसीसी के समस्त कैडेट अनुशासन में रहकर अपने चरित्र साहस नेतृत्व धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण एकता एवं भाईचारे के गुणों को विकसित करें।एनसीसी का प्रशिक्षण प्राप्त कर अच्छे नागरिक बने एवं सेना में भर्ती होकर समर्पण भाव से कार्य करने हेतु प्रेरित किया। एनसीसी आफिसर राकेश बारिया ने एनसीसी की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कहा की 9एमपी बटालियन एनसीसी इंदौर द्वारा 1956 में नगर के विद्यालय के एनसीसी की शुरुवात हुई थी जिसमे हजारों युवाओं ने ट्रेनिंग प्राप्त कर अपना भविष्य बनाया है।

**शिक्षकों से पूछा-इतने ऊंचे पहाड़ पर इतनी ऊंची मूर्ति किसने और कैसे बनाई होगी**

# पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय बड़वानी के प्राइमरी के बच्चे फील्ड ट्रिप पर गए

विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र। पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय बडवानी के कक्षा 1 से 5 तक के प्राथमिक विभाग के बच्चे फ़ील्ड ट्रिप पर बावनगजा क्षेत्र में भ्रमण हेतु गए। प्राचार्य संगीता शेल्के के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अमलीकरण की दिशा में विद्यार्थियों में अवलोकन एवं पहल की क्षमता विकसित करने हेतु यह भ्रमण कार्यक्रम तैयार किया गया।**

कार्यक्रम एवं भ्रमण दल प्रभारी कुन्दन राठौर के अनुसार प्राथमिक विभाग के दो सौ से ज्यादा विद्यार्थी अपने कक्षा अध्यापकों के साथ बावनगजा क्षेत्र की प्राकृतिक सुन्दरता को निहारने तथा तीर्थ स्थल के दर्शन हेतु गए। अनुभवात्मक शिक्षण हेतु फील्ड ट्रिप का बहुत महत्व है। यही वजह है कि विद्यार्थियों की अनेक जिज्ञासाएं जाग्रत हो गई जो प्रश्नों के रूप में अपने शिक्षकों के साथ साझा हुई। श्री दिगम्बर जैन सिद्ध क्षेत्र, बावनगजा जिसे चूलगिरी भी कहा जाता है में भगवान आदिनाथ की एशिया की सबसे ऊँची प्रतिमा को देख कक्षा दूसरी के विद्यार्थी ने गर्दन ऊँची करके मूर्ति की तरफ़ मुखातिब होते हुए अपने शिक्षक से पूछा 'सर सर इतने ऊंचे पहाड़ पर इतनी ऊँची मूर्ति किसने और कैसे बनाई होगी?' एक बच्चे का स्वाभाविक प्रश्न था कि ये आदिनाथ क्या होता है? ब्रीफ़िंग के समय बच्चों को बताया गया कि दृ यह जैन धर्म का प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है । सतपुड़ा पर्वतमाला के आखिरी छोर में यह पहाड़ को काटकर 84 फीट की एशिया की सबसे ऊँची प्रतिमा बनाई गई है। जो जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर आदिनाथजी की है। यह एक वन क्षेत्र है जिसकी सुरक्षा का जिम्मा वन विभाग के पास है। प्राकृतिक सम्पदा एवं वन्य जीवों के लिहाज से यह एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने पेड़-पौधों वनस्पति और झरनों को निहारा बरगद के विशाल पेड़ को देख विस्मित होकर उसकी जटाओं पर झूलने की कोशिश करते रहे बच्चे। विद्यार्थियों के अनुरक्षकों के रूप में प्रभाकर भीमा पावरा, हीरालाल मुजाल्दे, धर्मवीर सिंह, रश्मि सक्सेना, हिमांशु चौहान, अंजनी कुमार शुक्ल, भावना तोमर, ज्योति पाराशर, कांची शर्मा और संजना भालसे आदि शिक्षक दृ शिक्षिकाएं साथ थे।






## संक्षिप्त समाचार

### भैरव अष्टमी पर काल भैरव सवारी का स्वागत संपन्न हुआ



**उज्जैन, निप्र।** महाकाल के सेनापति बाबा काल भैरव का स्वागत समारोह प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी भैरव अष्टमी पर स्व राजेंद्र प्रसाद की स्मृति में माँ नवदुर्गा भक्त मंडल द्वारा सक्सेना टैंट हाउस भैरवगढ़ में महाकाल के सेनापति काल भैरव की सवारी का स्वागत संपन्न हुआ। स्वागत समारोह रोहित सक्सेना एवं अतुल सक्सेना की अध्यक्षता में हुआ जिसमें आशीष सक्सेना, ऋतिक सक्सेना, हर्षित, रौनक, महक, भूमिका, पुष्कर, अंशु, बाबू, रुद्राक्ष, सलोनी, शिवांश, परिधि, पूर्वी, हर्ष, एवं समस्या कार्यकर्ता सम्मिलित थे। जिसकी जानकारी संचालक अरुण सक्सेना ने दी।

### विक्रम विश्वविद्यालय टीम का नेतृत्व राष्ट्रीय खिलाड़ी रिया करड़वाल को

**उज्जैन, निप्र।** 25 से 28 नवंबर तक ग्वालियर में खेली जाने वाली पश्चिम क्षेत्रीय अंतर्विश्वविधालय महिला बास्केटबॉल टीम का नेतृत्व उज्जैन अध्ययन शाला की प्रतिभाशाली राष्ट्रीय खिलाड़ी रिया करड़वाल टीम का नेतृत्व करेगी बास्केटबॉल के वरिष्ठ कोच विजय बाली ने बताया की रिया शा, कालीदास कन्या महाविद्यालय बास्केटबॉल ग्राउंड की नियमित खिलाड़ी के रूप में खेलते हुवे उज्जैन टीम की ओर से कई बड़ी राष्ट्रीय स्पर्धाओ में खेल कर उज्जैन का नाम गौरवान्वित कर चुकी हे,साथ ही भारतीय खेल प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव के नंबर एक इनडोर स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल कोच श्री राजेश्वर राव के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी हे, टीम इस प्रकार हे रिया करड़वाल (कप्तान) अंकिता गोंदिया,सेजल डागर,दीपाशी ठाकर, साक्षी ठाकुर, पलक अग्रवाल,स्नेहा मिश्रा,रोहिणी, फिज़ा खान, कनिका परमार,सविता उनियारा,अनिता पावेचा, टीम प्रबंधक प्रो, समता मेहता, कोच मयंक पटेल होंगे, विक्रम टिम के खिलाड़ियों को निदेशक शारीरिक शिक्षा के डॉ,वीरेंद्र चाँवरे, शा,कालिदास कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ वंदना गुप्ता,प्रो,हरीश व्यास,प्रो, इंदु बंसल,खेल विभाग के विक्रम डाबी, डॉ,भूषण केकरे, कृष्ण पाल सिंह परिहार,प्रवेश यादव,अभिषेक शर्मा,दिनेश चौधरी,बास्केटबॉल कोच दर्शन ठाकुर, सुनीता यादव,शेखर सुपेकर, शैलेन्द्र भाटिया ने बेहतर खेल के लिए शुभकामनाएं दी।

### शहर में मवेशी और श्वान के कारण लोग परेशान, निर्झर संस्था ने मुख्यमंत्री से किया ध्यान दिए जाने का अनुरोध

**उज्जैन, निप्र।** शहर में सड़कों पर घूमने वाले मवेशी एवं स्वान के कारण लोग परेशान हैं। इसके अलावा महाकाल एवं अन्य धार्मिक स्थलों के दर्शन करने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को भी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था निर्झर के अध्यक्ष डॉ राजेश ठाकुर एवं सचिव डॉ स्वामीनाथ पांडेय ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से उचित कदम उठाए जाने का अनुरोध किया है। इन्होंने बताया कि सड़कों पर मवेशी बैठे रहते हैं इस कारण दुर्घटना होने का डर बना रहता है। इसके अलावा अभी तक कई बार दुर्घटना हो चुकी है। कई बार मवेशी लोगों को घायल कर चुके हैं वही शहर की सड़कों पर स्वान घूमते रहते हैं कई बार यह लोगों को काट लेते हैं और वाहनों के पीछे दौड़ लगाते हैं। इनके कारण स्कूल जाने वाले बच्चों को डर रहता है। पिछले दिनों नानाखेड़ा के समीप एक कॉलोनी में रहने वाले बालक को काट लिया। ऐसे में इस संबंध में उचित कदम उठाया जाना चाहिए ताकि लोगों को राहत मिल सके। जानकारी संस्था के कार्यालय मंत्री राजेंद्र श्रीवास्तव ने दी।

### श्री सत्य साईं बाबा का 99वाँ जन्मोत्सव मनाया





**उज्जैन, निप्र।** श्री सत्य साईं बाबा का 99वाँ जन्मोत्सव साईं भक्तों द्वारा धूमधाम से मनाया गया। श्री सत्य साईं सेवा समिति के सह संयोजक शरद सिंह चौहान ने बताया कि शनिवार को प्रातः 5.20 बजे ओंकारम सुप्रभातम नगर संकीर्तन और ध्वजारोहण के पश्चात लक्षअर्चन गेहूं द्वारा किया गया। इसके बाद गरीब बस्तियों में नारायण सेवा का प्रसाद वितरण किया गया। शाम के 6 बजे से पूरे कार्यक्रम राजेंद्र जैन सभा गृह में संपन्न हुए। जिसमें बाल विकास बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद प्रसिद्ध गायिका सुश्री वर्षा झालानी द्वारा सुन्दर भजन संध्या की प्रस्तुति की गई। प्रांत अध्यक्ष अमित दुबे द्वारा उद्बोधन दिया गया और बाल विकास बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इसके पश्चात बर्थडे सांग केक सेरेमनी और महा मंगल आरती स्वामी को समर्पित की गई। इस अवसर समिति के जिला अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र ठाकुर, संयोजक श्रीजी, सहसंयोजक शरदसिंह चौहान, जयंत गोलवलकर, संजय तिवारी, शैलेंद्र भट्ट, सुधा पंड्या, झालानी, लू, पल्लवी शर्मा, शिखा नायडू आदि उपस्थित थे।

### छात्र नमन का भोपाल में सम्मान



**नागदा जं. निप्र।** लोक शिक्षण संचालनलय, स्कूल शिक्षा विभाग मप्र, समग्र शिक्षा स्टार्स परियोजना अंतर्गत राज्य स्तरीय कौशल प्रदर्शनी में नमन जायसवाल ने उज्जैन जिले में प्रथम स्थान हासिल किया। 22 नवंबर को भोपाल में नमन का सम्मान प्रशंसा पत्र देकर किया गया। प्राचार्य प्रतिभा बारोल ने बताया कि शासकीय बाउमावि के छात्र जॉब रॉल सोलर पैनल इंस्टॉलेशन तकनीशियन पर सोलर सिटी प्रोजैकेट बनाया था। व्यावसायिक प्रशिक्षक प्रगति राव, डीवीसी हरेंद्रपाल सिंह चौहान छात्र द्वारा सोलर सिटी का वर्किंग प्रोजेक्ट के लिए निर्देशित किया।

नगरपालिका द्वारा नवाचार, जलप्रदाय की राह हुई आसान

# पचास वर्षो बाद अब आधी कॉलोनियों को पर्याप्त दबाव से पानी मिलेगा

विनय उजाला

**नागदा जं. निप्र। नगरपालिका ने कबाड़ से जुगाड़ करके नवाचार किया, जिससे अब अशोक कॉलोनी, बिरलाग्राम का टापरी क्षेत्र सहित कुछ स्थानों पर अत्याधुनिक फिल्टरप्लांट का पानी सुगमता से मिलेगा, वहीं नगरपालिका का प्रतिमाह 10 लाख रुपए की बचत भी होगी। नगरपालिका अध्यक्ष के निर्देशन में अब बीसीआई फिल्टर प्लांट की लाईन को मुख्य डिस्ट्रीब्यूशन लाईन से जोड़ दिया।**





अशोक कॉलोनी, गवर्नमेंट कॉलोनी, बिरलाग्राम का टापरी क्षेत्र, यूको बैंक कॉलोनी आदि ऐसे स्थान है जहां नगरपालिका द्वारा बंद पड़े भारत कॉमर्स उद्योग के फिल्टर प्लांट से पानी सप्लाई किया जा रहा था, इसके लिए नगरपालिका द्वारा प्रतिमाह ग्रेसिम उद्योग को 10 लाख रुपए का भुगतान करना पड़ता था। नगरपालिका अध्यक्ष संतोष ओपी गेहलोत के निर्देशन में जलकार्य समिति के प्रभारी प्रकाश जैन ने इंजीनियर एवं एक्सर्पट की सहयोग से बीसीआई फिल्टर प्लांट की लाईन को मुख्य डिस्ट्रीब्यूशन लाईन से जोडने् में सफलता हासिल की है। उपाध्यक्ष सुभाषचंद शर्मा ने बताया कि जलकार्य समिति के चेयरमेन से मिले पत्र के बाद नपा अमला हरकत में आया और कार्य को करने के लिए इस्टीमेट बनाने के निर्देश दिए।

लगभग 8 लाख रुपए का इस्टीमेट बनाकर आया, इसमें 6 लाख रुपए की सामग्री कबाड़ से जुगाड़ करके संग्रहित कर ली, मात्र दो लाख रुपए में वर्षो पुरानी समस्या का समाधान कर लिया गया। लगभग सात दिन की समय अवधि में बीसीआई फिल्टर प्लांट की लाईन को नायन फिल्टर प्लांट से जोड़ दिया गया, जिससे अब क्षेत्रवासियों को अत्याधुनिक फिल्टर प्लांट का पानी मिलेगा। रविवार को नगरपालिका की जलशाखा की टीम कार्य को अंतिम रुप देने में जुटी रही। उपाध्यक्ष शर्मा के अनुसार ग्रेसिम से 120 हार्स पॉवर की मोटर से आने वाले पानी को वर्तमान में अस्थायी रुप से प्लेट लगाकर रोक दिया जाएगा, जिससे भविष्य में कभी जररुत पड़ी तो उसको चालु किया जा सकेगा।

शर्मा के अनुसार बीसीआई फिल्टर प्लांट परिसर में गार्डन के रुप में विकसित किया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता सुभाष रावल, टाईम कीपर रईस कुरैशी आदि मौजूद रहे।

# एनसीसी स्थापना दिवस पर रंगारंग आयोजन





विनय उजाला

**नागदा जं. निप्र।** एनसीसी के 77वें स्थापना पर भारत कॉमर्स स्कूल में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन हुआ, इस अवसर पर अतिथि के रुप में असंगठित कर्मकार मंडल के पूर्व अध्यक्ष सुल्तानसिंह शेखावत, तहसीलदार मुकेश सोनी, विद्यालय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, प्राचार्य साकेत चंदा, एनसीसी अधिकारी सुरेंद्रसिंह चौहान मंचासीन रहे। अतिथियों का आगवानी पायलट शौर्य तिवारी, दिव्यांगकुमार गुप्ता ने की। एनसीसी का झंडावंदन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। एनसीसी कैडेट्स ने मार्च पास्ट कर अतिथियों का सलामी दी। एकता की शपथ प्रमिला रघुवंशी ने दिलाई। स्वागत भाषण एनसीसी अधिकारी सुरेंद्रसिंह चौहान ने दिया। अतिथियों का स्वागत पुष्पमाला से प्राचार्य सैकत चंदा, एनसीसी अधिकारी चौहान, पब्लिक स्कूल प्रभारी श्रीमती उर्वशी शर्मा ने पुष्पमाला से किया। परेड कमांडर कैडेट धीरज खेरवार के नेतृत्व में प्लाटून कमांडर कैडेट सागर सिंह सिसौदिया, कैडेट अर्पित गुप्ता, कैडेट आयुष परमार और कैडेट सत्यवीर सिंह जादौन रहे। इस दौरान देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम की प्रस्तुतियां स्कूली बच्चों ने दी। बेस्ट कैडेट का अवार्ड संस्था के कैडेट विनय प्रताप सिंह देवडा और कैडेट पार्थ राजौरा को प्रदान किया।

संचालन शेलेंद्र जोशी ने किया व आभार राजेंद्र गेहलोत ने माना। ने माना। इसी क्रम में शासकीय बालक उमावि में एनसीसी कैडेट्स रीता माहेश्वरी के मार्गदर्शन में किया गया। जिसमें कैडेट्स ने शहर के मुख्य मार्ग से रैली निकाली।

### एनसीसी कैडेट्स ने जागरुकता रैली निकाली




**नागदा जं. निप्र।** एनसीसी दिवस पर शासकीय बालक उमावि में एनसीसी अधिकारी डॉ. रीता माहेश्वरी के मार्गदर्शन में कैडेट्स ने शहर के मुख्य मार्गो से जागरुकता रैली निकाली। प्राचार्य प्रतिभा बोराल ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सीनियर कैडेट्स कैलाश गुर्जर ने एनसीसी ध्वज फहराया।

### इंसान के किरदार में जब इंसान नहीं मिलता : आरिफ़ अफ़ज़ल



**उज्जैन, निप्र।** समय अनमोल है जीवन में, समय का सदुपयोग करना, अवधेश वर्मा नीर की समय के महत्त्व को बताती रचना से ग़ज़लांजलि साहित्यिक संस्था की काव्य-गोष्ठी का प्रारम्भ हुआ। डॉ. श्रीकृष्ण जोशी की अध्यक्षता में अशोक रक्ताले ने शीत के आगमन पर कुण्डलिया पढ़ी गिरते परदे धुन्ध के, सुबह-शाम हर ओर, दोपहरी का ताप भी, चुरा ले गये चोर। मौसम की बात को ही आगे बढ़ाते हुए कहाँ गयी बात अनकही, रात सितारों वाली, छू गयी तन को हौले से अनजान हवा रचना सत्यनारायण सत्येन्द्र ने पढ़ी। आज की गोष्ठी में विशेष अतिथि के रूप में डॉ. सुदीप मिश्रा उपस्थित थे। गोष्ठी में विनोद काबरा ने चतुराई शीर्षक पर रचना संसार बुद्धि का खेल है लूट का बाज़ार है, शब्दों के व्यापार का अपना एक संसार है पढ़ी। गोष्ठी को आगे बढ़ाते हुए कवि प्रफुल्ल शुक्ला सरकार ने अपनी चिरपरिचित शैली में व्यंग्य रचना नेता जी से चमचा बोलो, तुम में झूठी शान बहुत है पढ़ी तो वहीं आशीष अश्क ने ग़ज़ल चल दिया वह छोड़कर सब यक-ब-यक, बातें करनी थी बहुत सारी मुझे पढ़ी। शायर आरिफ़ अफ़ज़ल ने इंसान के किरदार में जब इंसान नहीं मिलता, फिर मस्ज़िद में खुदा, मन्दिर में भगवान् नहीं मिलता पढ़ी। आज के कार्यक्रम की अंतिम रचना डॉ. विजय सुखवानी ने ख़ास होकर भी खुद को आम रखना, नज़र में सुबह के साथ शाम रखना ग़ज़ल पढ़ी। कार्यक्रम में प्रफुल्ल शुक्ला का सम्मान किया गया।

### शिव महापुराण कथा शुभारंभ पर शोभा यात्रा



**नागदा जं. निप्र।** शिव महापुरण कथा के शुभारंभ अवसर पर रविवार को गणेश मंदिर से शोभा यात्रा निकाली गई। प्रतिदिन श्रद्धालु पिपलेश्वर महादेव मंदिर में दोपहर एक से शाम चार बजे से पंडित ब्रजमोहन महाराज के प्रवचनों का लाभ उठा सकेंगे। इस दौरान राजकंवर, नेपाल सिंहडोडिया, गीता कंवर, विक्रमसिंह, रमेशचंद्र विश्वकर्मा, आशा विश्वकर्मा, सुनीता प्रजापत, गणेश प्रजापत, गंगाराम परमार, शारदा परमार, तमन्ना सोलंकी, अर्जुनसिंह सोलंकी आरती सोलंकी, निलेश सोलंकी विनीता जैन, शेखर जैन, ओमप्रकाश सोलंकी, चंदा सोलंकी, गुलाब कुंवर चंद्रावल, आनंदसिंह चंद्रावल, चंदूलाल जायसवाल, सीएल वर्मा आदि मौजूद रहे।

### विधायक डॉ. चौहान ने 2.80 करोड की लागत से ग्रामीण सड़कों के रिनोवेशन कार्य का शुभारंभ किया



विनय उजाला

**नागदा जं. निप्र। आज नागदा खाचरोद विधानसभा के लोकप्रिय विधायक डॉ तेजबहादुर सिंह चोहान द्वारा ग्रामीण क्षेत्र की सडको का 2 करोड 80 लाख रूपये के रीनोवेशन कार्य का पार्टी के विभिन्न जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ नेतागण एवं कार्यकर्ता बन्धुओ के साथ शुभारम्भ किया।**

आज जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि 195 लाख रू. की लागत की खाचरौद से ग्रामीण क्षेत्र को जोड़ने रिंग रोड वसड़क, प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत ग्राम दीपाखेड़ी में 18 लाख की लागत से, बंजारी से नापाखेड़ी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 30 लाख की लागत से दूरी 3.30 किमी, बुरानाबाद से बेडावन्या ग्रामीण क्षेत्र को जोड़ने वाली रोड लागत 27 लागत दुरी 3 किमी, उमरनी से नावटीया की सडक लागत 10 लाख यपये दूरी 2 किमी इस प्रकार विधानसभा क्षेत्र के भिन्न-भिन्न गांवो की सड़को का रिनोवेशन कार्य का शुभारम्भ लोकप्रिय विधायक डॉ. तेजबहादुरसिंह चौहान ने किया।

ऑपरेशन प्रहार के तहत देवास पुलिस बडी कार्यवाही

### खातेगांव पुलिस के द्वारा 2 स्थानों पर अवैध रुप से जुआ खेल रहे आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई

अनिल उपाध्याय




**खातेगांव।** जिला पुलिस देवास श्री पुनीत गेहलोद के द्वारा संगठित अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु सम्पूर्ण जिले में ऑपरेशन प्रहार प्रारंभ किया गया है। जिसके अंतर्गत अवैध जुआ/सट्टे के अपराध में संलिप्त बदमाशों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में थाना खातेगांव पर मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि खेयड़ी मोहल्ला के पास ग्राम संदलपुर एवं चंदु के खेत के पास निमोरा रोड़ ग्राम अजनास के पास अवैध रूप से जुआ संचालित हो रहा है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री आकाश भूरिया के मार्गदर्शन पर अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कन्नौद श्री केतन अडलक के निर्देशन एवं थाना प्रभारी खातेगांव के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। अवैध रूप से जुआ खेलते 09 आरोपीगणो को पकडा जिनसे कुल 6,730/- रूपये नगदी,जुआ सामग्री,05 मोबाईल फोन,02 मोटरसाइकिल एवं 01 स्विफ्ट कार कुल मश्रुका 6,51,500/- रूपये जप्त किया गया। उक्त आरोपीगणो के विरूद्ध जुआ एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही कर अपराध क्रं. 845/2024 एवं 846/2024 धारा 13 जुआ एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

#### गिरफ्तार आरोपी का नाम

महेश पिता तकत सिंह राठौर उम्र 40 साल निवासी संदलपुर, .रोहित पिता अमरसिंग माली उम्र 25 साल निवासी संदलपुर, दीपक पिता केदार देवड़ा उम्र 28 साल निवासी संदलपुर, राजेश पिता हरिराम कोगे उम्र 32 साल निवासी संदलपुर, ईश्वर पिता श्यामलाल बाघले उम्र 38 साल निवासी ग्राम अजनास, 6आबिद पिता हमीद खां उम्र 38 साल निवासी मल्हारगंज कन्नौद, समीर पिता छोटे खां उम्र 43 साल निवासी दुधवास, जितेन्द्र सिंह पिता विजय सिंह राठौड़ उम्र 55 साल निवासी आष्टा रोड़ कन्नौद, साबिर पिता साकिर शेख उम्र 42 साल निवासी मंडी रोड़ कन्नौद हे।


उल्लेखनीय है कि देवास पुलिस द्वारा ऑपरेशन प्रहार के तहत यह कार्यवाही की गई है। पुलिस कप्तान द्वारा उक्त उल्लेखनीय उपलब्धि पर थाना प्रभारी एवं टीम को शुभकमानएं प्रेषित की हे।

# दिगंबर मुनिश्री 108 सुहितसागरजी महाराज का हुआ नगर आगमन

विनय उजाला

**नागदा जं. निप्र।** परम पूज्य आचार्य श्री 108 सुन्दर सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री 108 सुहित सागर जी महाराज का रविवार को प्रात: 9.00 बजे हताई पालकी से नागदा में प्रवेश हुआ। समाज के अध्यक्ष सुनील जैन ने बताया कि महाराजश्री की आगवानी हेतु बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। इंगोरिया रोड स्थित ओव्हर ब्रिज से ढ़ोल व बेण्ड बाजे के साथ जुलूस के रूप में महाराजश्री का नगर में आगमन हुआ। जुलुस विभिन्न मार्गों से होते हुए दिगंबर जैन मंदिर जी में पहुंचा। जुलुस मार्ग में जगह-जगह महाराजजी पाद प्रक्षालन समाजजनो द्वारा किया गया। दिगंबर मंदिर में महाराजश्री के प्रवचन हुए जिसके पश्चात् महाराजश्री की आहार चर्या श्रीमती सुषमा जी जैन दयानन्द कालोनी में निर्विघ्न सम्पन्न हुआ। दोपहर 4.00 बजे महाराजश्री का विहार जावरा की ओर हुआ। जुलुस में समाज के राजेश जैन, शरद जैन, रमेश जैन, नितिन जैन मुकेश जैन, सुरेश जैन, पंकज जैन, अंकुर जैन, दीपक जैन, मनोज जैन, अनूप जैन, अनिल जैन, आनन्द जैन, मनोज विरौले, बंग कुमार बड़जात्या, नीरज जैन, धीरज जैन आदि शामिल रहे। परम पूज्य आचार्य श्री 108 सुन्दर सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री 108 सुहित सागर जी महाराज का







रविवार को प्रात: 9.00 बजे हताई पालकी से नागदा में प्रवेश हुआ। समाज के अध्यक्ष सुनील जैन ने बताया कि महाराजश्री की आगवानी के लिए इंगोरिया रोड स्थित ओव्हर ब्रिज से ढोल के साथ जुलूस के रूप में महाराजश्री का नगर में आगमन हुआ। जुलुस विभिन्न मार्गों से होते हुए दिगंबर जैन मंदिर जी में पहुंचा। जुलुस मार्ग में जगह-जगह महाराजजी पाद प्रक्षालन समाजजनो द्वारा किया गया। दिगंबर मंदिर में महाराजश्री के प्रवचन हुए, महाराजश्री की आहार चर्या सुषमा जैन दयानन्द कालोनी में निर्विघ्न हुआ। दोपहर 4.00 बजे महाराजश्री का विहार जावरा की ओर हुआ। जुलुस में समाज के राजेश जैन, शरद जैन, रमेश जैन, नितिन जैन मुकेश जैन, सुरेश जैन, पंकज जैन, अंकुर जैन, दीपक जैन, मनोज जैन, अनूप जैन, अनिल जैन, आनन्द जैन, मनोज विरौले, बंग कुमार बडज़ात्या, नीरज जैन, धीरज जैन आदि शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### समाजसेवी उत्तमसिंह बघेल का निधन



**सोनकच्छ, निप्र।** नगर के युवा पत्रकार गोविंदसिंह बघेल उर्फ मोंटी के पिता समाजसेवी उत्तमसिंह बघेल (गजू दरबार) का 62 वर्ष की उम्र में शनिवार को अचानक हृदयाघात होने से निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा रविवार सुबह 10 बजे गुरुनानक मार्ग स्थित निज निवास से निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में राजपूत समाज व अन्य समाज के वरिष्ठ एवं विशिष्ठजन सहित पत्रकार बंधु शामिल थे। श्मशान घांट पर आयोजित शोक सभा में राजपूत समाज के अध्यक्ष विजयसिंह बघेल द्वारा शोकसंवेदनाएं व्यक्त की। अंत में सामुहिक रुप से दो मिनीट का मौन रख कर श्रद्धांजली अर्पीत दी गई। मुखाग्नी कनिष्ट पुत्र देवेन्द्रसिंह द्वारा दी गई।

### वहीद खान सदर जिला अध्यक्ष बने




**सतवास, निप्र।** मध्यप्रदेश मुस्लिम पिछड़ा वर्ग विकास परिषद प्रदेश संयुक्त सचिव डॉक्टर मोहम्मद अकबर खान की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष अजीज आरिफ द्वारा वहीद खान सदर अतवास को देवास जिला अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया। साथ ही जावेद खान खातेगांव, वकील खान मंसूरी पीपलरवा को उपाध्यक्ष, अकबर खा कोटखेड़ा को कोषाध्यक्ष और सैयद सत्तार अली हरणगांव को जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। कन्नौद तहसील अध्यक्ष लाइक मंसूरी कुस्मानिया एवं खातेगांव तहसील अध्यक्ष रफीक खान टाकलीखेड़ा को बनाया गया। इस अवसर पर हाजी शब्बीर खान, बबलू खान, शाहिद खान, शहादत खान आदि उपस्थित थे।

### महिलाओं को मौलिक अधिकार भरण पोषण संबंधी भारत के संविधान ने दे रखे हैं : प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट मनावर सुश्री रुही एजाज मेव




**बाकानेर, निप्र।** कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास बाकानेर में प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट मनावर सुश्री रुही एजाज मेव मनावर का प्राचार्य किरण संजय वास्केल छात्रावास अधीक्षिका वंदना मुवेल, छात्रावास अध्यक्ष अंगूर मंडलोई, उपाध्यक्ष शिवकन्या रावत ने पुष्प वर्षा कर पुष्प माला से स्वागत सम्मान किया। शासकीय कस्तूरबा गांधी छात्रावास बाकानेर में छात्राओ और शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुवे, सुश्री रुही एजाज मेव ने कहा दुनिया की अनमोल दौलत शिक्षा है। छात्राएं पढ़ लिखकर सम्मानजनक पदों को सुशोभित करें पढ़ाई आप ईमानदारी से करें आपके घर वाले मां-बाप भाई बहनों पालकों ने आप पर भरोसा किया है, और आप छात्रावास मे रेहके अध्ययन कर रही है उनका भरोसा कायम रखें पढ़ लिखकर उच्च पदों को सुशोभित करें। भारत के संविधान में महिलाओं को भरण पोषण और समान अधिकार दिए हैं। भारत की महिलाएं आज उच्च पदों को सुशोभित कर रही है और देश में ओर विदेश में नाम रोशन कर रही है। इस अवसर पर शासकीय पी.एम.श्री. कन्या उमावि विद्यालय प्राचार्य श्रीमती किरण संजय वास्केल, छात्रावास अधीक्षक श्रीमती वंदना मुवेल, हॉस्टल अध्यक्ष अंगूर मंडलोई उपाध्यक्ष शिवकन्या रावत मौजूद रही।

### सहकारिता कर्मचारी संघ की श्यामपुर में बैठक हुई संपन्न



**सीहोर, निप्र।** सहकारिता कर्मचारी संघ जिला सीहोर की महत्वपूर्ण बैठक श्यामपुर में रखी गई जिसमें जिले की नई कार्यकारणी का स्वागत किया गया नई कार्यकारणी में जिला अध्यक्ष दीपक चौधरी उपाध्यक्ष दीपक सिंह श्यामपुर एवं अन्य सदस्यों का स्वागत किया गया। स्वागत के पश्चात श्यामपुर इकाई का गठन किया गया जिसमें श्यामपुर तहसील अध्यक्ष जयंत गौर चरनाल को निर्विरोध चुना गया ओर उपाध्यक्ष सुनील मेवाड़ा सदस्य संतोष पाटीदार बने सिंह राहुल अशोक मेवाड़ा लोकेंद्र जाट पुरुषोत्तम दांगी धीरेन्द्र सिंह देवेन्द्र कुशवाहा सुभाष नामदेव मुंशी जी सदस्य मनोनीत किए गए इस मौके पर खाईखेड़ा समिति प्रबंधन प्रेम नारायण साहू एवं अन्य सहकारिता समिति प्रबंधको के द्वारा निर्वाचित पदाधिकारी को बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

### ट्रैक्टर का पहिया खेत में जाने की बात पर आरोपियों ने किया घर पहुंच कर हमला

**शाजापुर, निप्र।** ट्रैक्टर का पहिया खेत में जाने की बात से नाराज दो आरोपियों ने व्यक्ति के घर पहुंचकर हमला कर उसे घायल कर दिया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर को सुनेरा थाना क्षेत्र के ग्राम चौंसला निकुंज में होकमसिंह राजपूत खेत पर ट्रैक्टर लेकर गए थे। इस दौरान पड़ोसी के खेत में ट्रैक्टर का पहिया चला गया था जिससे नाराज होकर दो लोगों द्वारा होकमसिंह राजपूत के घर पहुंचकर मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया गया। घायल को शाजापुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर उसका उपचार किया गया।

### लोडिंग वाहन से टकराने पर बाइक चालक घायल



**शाजापुर, निप्र।** लोडिंग वाहन से टकराने पर बाइक चालक घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को ग्राम लाहौरी निवासी अजय पिता पप्पू लोडिंग शादी का कार्ड बांटने घर से निकला था, तभी ग्राम रिंगनीखेड़ा के समीप लोडिंग वाहन से टकराकर घायल हो गया। अजय को घायल होने पर शाजापुर जिला अस्पताल लाया गया जहां पर उसका उपचार किया जा रहा है।

# भगवान हाटकेश्वर को लगाया अन्नकूट का भोग

## नागर ब्राह्मण समाज द्वारा किया गया पंचम अन्नकूट महोत्सव का आयोजन, जिलेभर से शामिल हुए समाजजन

विनय उजाला

**शाजापुर, निप्र। नागर ब्राह्मण समाज द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी रविवार को पंचम अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें जिलेभर के समाजजनों सहित गणमान्य नागरिक भी शामिल हुए जिन्होंने बाबा हाटकेश्वर का आशीर्वाद लेकर प्रसादी ग्रहण की।**

हरायपुरा स्थित श्री हाटकेश्वर देवालय न्यास में आयोजित अन्नकूट महोत्सव की शुरूआत प्रातः 8 बजे बाबा हाटकेश के रुद्राभिषेक से हुई जिसमें समाज के वरिष्ठों द्वारा पहले बाबा का आकर्षक श्रृंगार किया गया। इसके बाद उनका विधि-विधान से अभिषेक किया गया। प्रातः 11 बजे से अन्नकूट दर्शन, दोपहर 12 बजे महाआरती का आयोजन कर बाबा हाटकेश्वर और मां अन्नपूर्णा को 56 भोग अर्पित किया गया। इसके बाद प्रसादी वितरण किया गया, जिसमें नगर सहित जिलेभर से आए समाजजनों ने बाबा का आर्शीवाद लेकर प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर शाजापुर विधायक अरूण भीमावद, देवालय न्यास संरक्षक वीरेंद्र व्यास, मप्र नागर ब्राह्मण परिषद अध्यक्ष केदार रावल, प्रदेश महासचिव हेमंत व्यास, प्रदेश महिला परिषद अध्यक्ष सोनिया मंडलोई, प्रदेश युवा अध्यक्ष केके व्यास, लव मेहता, न्यास अध्यक्ष अनिल नागर आदि मौजूद थे। उक्त जानकारी न्यासी अजय राम व्यास ने दी।



### जब भी आवश्यकता होगी उपलब्ध रहूंगा

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अरूण भीमावद ने कहा कि नागर ब्राह्मण समाज द्वारा इस तरह के सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना प्रशंसनीय है। समाजजनों द्वारा किए जाने वाले यह आयोजन हमेशा शहर की शोभा बढ़ाते आए हैं, जिसमें हमें भी आने का सौभाग्य मिला है। आगे भी समाज विकास हेतु मेरी जहां भी आवश्यकता होगी हमेशा उपलब्ध रहूंगा। उन्होने कहा कि धर्मशाला निर्माण हेतु भी मेरे द्वारा सहयोग राशि दी गई थी। उन्होंने इस बार भी समाज विकास हेतु धनराशि की घोषणा की है, जिसे लेकर समाजजनों द्वारा विधायक का आभार व्यक्त किया गया।

### 5161वीं गीता जयंती के उपलक्ष्य में शहर में होंगे विभिन्न आयोजन

**शाजापुर, निप्र।** गीता परिवार और अखिल भारतीय साहित्य परिषद शाजापुर के तत्वावधान में 5161वीं गीता जयन्ती मोक्षदा एकादशी का आयोजन कल 26 नवंबर से 11 दिसंबर 2024 तक विशाल भव्यता और श्रद्धा के साथ किया जाएगा। यह महोत्सव भगवत गीता के दिव्य ज्ञान, भक्ति और संस्कृति के यशगान का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करेगा, जो जनमानस को गीता के अमर और सार्वकालिक संदेश से प्रेरित करने का एक सशक्त प्रयास होगा। मुख्य कार्यक्रमों में 26 नवंबर से 11 दिसंबर तक शहर के विभिन्न मंदिरों में गीता के 2 या 18 अध्यायों का सामूहिक पारायण और भक्तिपूरित आरती का आयोजन किया जाएगा, जिससे भक्त गीता के शाश्वत ज्ञान में डूबकर आत्मिक शांति प्राप्त करेंगे।

# श्री बेस ने वितरित की घास कटाई मशीन

## अब शहर में मशीनों के माध्यम से सफाई

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारी नगर निगम देवास द्वारा जारी आगामी माह में दिल्ली की टीम द्वारा शहर की सफाई का जायजा लिया जाएगा।

सफाई के स्तर को बढ़ाने और खाली प्लाट एवं अन्य स्थानों पर हो रही गाजर घास की कटाई का कार्य भी अब मशीनों के माध्यम से किया जा रहा है। जिस हेतु स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह बेस ने मशीन की गुणवता की जांच की है और नगर निगम के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वच्छता निरीक्षक को गाजर घास कटाई मशीन वितरित की गई। जिन स्थानों पर पहले 3 से 4 कर्मचारी द्वारा हाथों से घास कटाई का कार्य किया जाता था वहीं अब एक कर्मचारी द्वारा मशीन के माध्यम से सफाई का कार्य किया जाएगा, जिससे मैनपावर का सदुपयोग कर उन्हें किसी अन्य में तैनात किया जाएगा, एवं कार्य भी जल्द पूर्ण हो जाएगा। बेस ने यह भी बताया कि मशीन से सफाई करने के दौरान कर्मचारी सुरक्षात्मक उपकरण का उपयोग करे इसे सुनिश्चित करने की संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित सहायक स्वास्थ्य अधिकारी की रहेगी। उक्त वितरण कार्यक्रम में स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह बेस, उमेश चतुर्वेदी, हेमन्त उबनारे, हरेंद्र सिंह ठाकुर, शैलेन्द्र सिंह परिहार, प्रवीण खरे, शंकर सांगते एवं अन्य दरोगा साथी उपस्थित रहे।




### रोटरी क्लब ने किया बच्चों को स्वेटर का वितरण



विनय उजाला

**देवास, निप्र।** रोटरी क्लब देवास ने प्राथमिक विद्यालय आलोट पाएगा स्कूल में 55 स्वेटर का वितरण किया गया।

रोटरी अध्यक्ष गोवर्धन सिंह चंदेल, रोटेरियन प्रेमनाथ तिवारी, रोटेरियन सुरेश चौहान, रोटेरियन जयसवाल, रोटेरियन अजीज कुरैशी, जोहम फाउंडेशन के वरिष्ठ एजाज कुरैशी एवं देवास बीआरसी वर्मा व प्राथमिक विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं जन शिक्षक की उपस्थिति में बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए।

### नूरी खान को प्रदेश महिला कांग्रेस कार्यवाहक अध्यक्ष बनाने पर दी बधाई



**सतवास, निप्र।** प्रदेश महिला कांग्रेस कार्यवाहक अध्यक्ष बनाने पर नूरी खान को मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग विकास परिषद प्रदेश संयुक्त सचिव डॉक्टर मोहम्मद अकबर खान अमेली वालों के नेतृत्व में विधायक आरिफ मसूद के भोपाल कार्यालय में मिठाई खिलाकर पुष्प माल से स्वागत किया गया। इस अवसर पर रफीक खान, शाहरुख खान, वहीद खान सदर, बबलू खान, लाइक मंसूरी, शहादत मंसूरी, शकीर पठान, पार्षद हैदर बोहरा, वकील मंसूरी आदि उपस्थित थे।


# सोनकच्छ के ग्राम मवाडा, धतुरिया में तेंदुए की दहशत

## 15 दिन में चार बार ग्रामीणों ने खेतों में देखा, अभी तक कई बकरियों और एक नीलगाय का शिकार कर चुका है

विनय उजाला

**सोनकच्छ, निप्र।** क्षेत्र के ग्राम मवाड़ा और धतुरिया राम में तेंदुए की हलचल ने ग्रामीणों और किसानों की चिंता बढ़ा दी है। जिसके चलते किसान रात में खेतों पर नहीं जा रहे हैं।

वहीं गांव में ग्रामीण रात में घरों से बाहर निकल में डर रहे हैं। शनिवार रात को ग्राम धतुरीया राम मे दीपक राजपूत, पप्पू जाट, मदन सिंह गुर्जर के घर के आसपास तेंदुए को घुमते हुए ग्रामीण ने देखा वही तेंदुए के पैरों के निशान हैदर खां, कमलेश जाट, दीपक राजपूत और इरशाद खां के खेतों पर देखें गये। सरपंच प्रतिनिधि महिपाल सिंह गुर्जर ने बताया कि पिछले 15 दिन से तेंदुए की हलचल हमारे गांव में है। शनिवार को तेंदुए ने बकरी और नीलगाय का शिकार किया। वहीं इसके पहले एक किसान ने ट्रेक्टर की लाइट में देखा था और खेत पैरों के निशान पाएं थे और एक किसान ने खेत पर झाड़ के ऊपर चढ़ा देखा था। इस सम्बन्ध वन विभाग को भी सूचना दी गई है और वन विभाग के अधिकारी इस सम्बन्ध में कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। जबतक तेंदुआ पकड़ में नहीं आता है तब तक क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों में दहशत बनीं रहेंगी।



# महाविद्यालय में मनाया 76वां एनसीसी स्थापना दिवस, रक्तदान के साथ हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम




विनय उजाला

**शाजापुर, निप्र।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज शाजापुर में एनसीसी का 76वां स्थापना दिवस हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष विपुल कसेरा मौजूद रहे।

वहीं विशेष अतिथि डॉ एसडी जायसवाल थे। अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ बीएस विभूति ने की। कार्यक्रम की शुरूआत स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर की गई। इस मौके पर कसेरा ने कहा कि एनसीसी एकता और अनुशासन के साथ-साथ देशभक्ति की भावना को भी विकसित करती है। विशेष अतिथि डॉ जायसवाल ने कैडेट्स को स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने एवं रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बीएस विभूति ने कहा कि एनसीसी को देश की द्वितीय रक्षा पंक्ति कहा जाता है, इसलिए कैडेट्स को अच्छे से ट्रैनिंग लेना चाहिए, ताकि जरूरत पडने पर वह देश सेवा के काम आ सकें। कार्यक्रम के दौरान एनसीसी कैडेट्स द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने पर सभी कैडेट्स को मैडल एवं एनसीसी प्रमाण पत्र की परीक्षा देने वाले कैडेट्स को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के पश्चात रवि मण्डोर, लोकेशसिंह राजपूत और केशव शर्मा ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस अवसर पर डॉ दिनेश निंगवाल, डॉ बीके सोलंकी, प्रो प्रकाश बर्फा, प्रो दुष्यंत कुमार यादव, डॉ सुनील आडवानी, विनोद परमार, दुर्गेश रेंगे सहित एनसीसी कैडेटस उपस्थित थे। संचालन सीनियर अण्डर ऑफिसर सुशीला गामी ने किया तथा आभार कैप्टन डॉ वीपी मीणा ने माना।

### बिजली कर्मचारी महासंघ ने खिलाड़ियों का किया स्वागत




विनय उजाला

**शाजापुर, निप्र।** पश्चिम क्षेत्र बिजली कर्मचारी महासंघ द्वारा विजेता उज्जैन क्षेत्र की क्रिकेट टीम का स्वागत शाजापुर मुख्यालय पर किया गया। रविवार को पश्चिम क्षेत्र बिजली महासंघ के महामंत्री अशोक राठौर के नेतृत्व में खिलाडियों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर संगठन उपाध्यक्ष महेंद्रसिंह सिसोदिया, केके शर्मा, जितेंद्र धाकड़, मनीष शास्त्री, निलेश खरे, संदीप गोस्वामी, दिनेश माली, रवि, शाहरुख खान सहित बिजली कंपनी कर्मचारी उपस्थित थे।

### स्थानीय रोगी कल्याण समिति के माध्यम से अशासकीय विशेषज्ञ चिकित्सकों को अनुबंधित किए जाने के संबंध में आदेश जारी

विनय उजाला

**सीहोर, निप्र।** लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के शासकीय चिकित्सालयों में स्थानीय रोगी कल्याण समिति के माध्यम से अशासकीय (निजी) विशेषज्ञ चिकित्सकों को अनुबंधित किये जाने के लिये मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और सिविल सर्जन-सह-मुख्य अस्पताल अधीक्षक तथा समस्त जिला चिकित्सालयों को आदेश जारी कर दिये हैं। आदेश अनुसार अनुबंध की अवधि एक वर्ष के लिये होगी, जिसे प्रदर्शन और पारस्परिक सहमति के आधार पर नवीनीकृत किया जा सकेगा।

आयुक्त लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा तरुण राठी ने जिला चिकित्सालयों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के कारण स्वास्थ्य सुविधाएँ तथा शल्य चिकित्सा आदि प्रभावित होने के दृष्टिगत प्रदेश के शासकीय चिकित्सालयों में जहाँ पर विशेषज्ञ चिकित्सकों के पद स्वीकृत होकर रिक्त हैं तथा उक्तानुसार चिकित्सीय सेवा प्रदायगी के लिये समुचित संसाधन उपलब्ध हैं, वहाँ रोगी कल्याण समिति के माध्यम से प्रति केस के मान से भुगतान (मासिक आधार पर) प्रावधानित कर अशासकीय (निजी) विशेषज्ञ चिकित्सकों को अनुबंधित किये जाने के लिये कहा है। विशेषज्ञ चिकित्सकों को अनुबंधित किये जाने के लिये भारतीय चिकित्सा परिषद या राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त वैध चिकित्सा डिग्री और विशेषज्ञता योग्यता होनी चाहिये। विशेषज्ञ चिकित्सक का राज्य में चिकित्सीय प्रेक्टिस के लिये मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान परिषद का वैध जीवित पंजीकरण संख्या और लायसेंस होना अनिवार्य है। चिकित्सक के विरुद्ध व्यावसायिक कदाचार से संबंधित कोई भी न्यायिक प्रकरण लंबित नहीं होना चाहिए।

## बुधनी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी रमाकांत भार्गव 107448 मतों के साथ हुए विजयी

# बुधनी विधानसभा उपचुनाव की मतगणना शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न

विनय उजाला

**सीहोर, निप्र। बुधनी विधानसभा उपचुनाव की मतगणना आज शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न हुई। मतगणना परिणाम के अनुसार बुधनी विधानसभा उप चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रमाकांत भार्गव को निर्वाचन आयोग द्वारा विजय घोषित किया गया।**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह की उपस्थिती में बुधनी विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी डीएस तोमर ने रमाकांत भार्गव को निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र प्रदान किया। रमाकांत भार्गव को कुल 107448मत प्राप्त हुए, जो कि निकटतम प्रतिद्वंदी इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी राजकुमार पटेल को प्राप्त मतों से 13901 मत अधिक है। राजकुमार पटेल को93577 मत प्राप्त हुए। मतगणना महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज सीहोर में प्रात: 08 बजे प्रारंभ हो गई। मतगणना के लिए दो कक्षों में 14-14 टेबल लगाए गए थे तथा मतगणना की पूरी कार्रवाई 13 राउंड में संपन्न हुई। प्राथमिक जानकारी के अनुसार जारी मतगणना परिणाम में अर्जुन आर्य को 1379 मत, आनंद कुमार श्याम को 221 मत, धर्मेंद्र सिह पंवार(गोलु भैय्या) को 359 मत, श्रीरामप्रसाद पटेल को 128 मत, साधना उइके को 1431 मत, अजयसिंह राजपूत को 975 मत, अब्दुल रशीद को 106 मत, आरती शर्मा को 330 मत, श्रीगजराज सिंह गॉजरकुई को 301 मत, दिलीप सिंह तड़ावी भील को 1824 मत, दुर्गाप्रसाद सेन को 276 मत, प्रदीप कुमार को 381 मत, भीम सिंह बारेला को 831 मत, राजकुमार को 849 मत, रामपाल भुसारिया को 1115 मत, विवेक कुमार को 857 मत, सुजीप कीर को 559 मत, सुधीर कुमार जैन को 114 मत तथा इनमें से कोई नही (नोटा) को 452 मत प्राप्त हुए। निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान करने के अवसर पर विधायक सुदेश राय, विधायक गोपाल सिंह इंजिनियर, भाजपा जिला अध्यक्ष रवि मालवीय, पूर्व विधायक रामपाल सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर भी उपस्थित थे।



# संक्षिप्त समाचार

## फ़ॉस्टर केयर लीडिंग टू फोस्टर एडॉप्शन विषय पर राज्य स्तरीय कार्यशाला आज

**भोपाल, निप्र।** केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण सीएआरए द्वारा प्रति वर्ष नवम्बर माह में दत्तक ग्रहण को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय दत्तक ग्रहण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में 25 नवंबर को होटल पलाश में राष्ट्रीय दत्तक ग्रहण जागरूकता कार्यक्रम फ़ॉस्टर केयर लीडिंग टू फ़ॉस्टर एडॉप्शन विषय पर राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया कार्यशाला का शुभारंभ करेंगी। उल्लेखनीय है कि यह कार्यक्रम फोस्टर केयर पर गए बालकों को फ़ॉस्टर एडॉप्शन को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है। यदि पालक माता-पिता 2 से अधिक वर्ष तक बालक का पालन पोषण कर रहे हैं, ऐसे बालकों को फ़ॉस्टर एडॉप्शन के माध्यम से दत्तक ग्रहण दिया जा सकता है। कार्यक्रम में लगभग 200 प्रतिभागी शामिल होंगे।

## एक जिला-एक उत्पाद की तर्ज पर लगाई जाएगी फूड प्रोसेसिंग यूनिट : मंत्री कुशवाहा




**भोपाल, निप्र।** मध्यप्रदेश में एक जिला-एक उत्पाद की तर्ज पर उद्यानकी फसलों की प्रोसेसिंग के लिए फूड प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना की जाएगी। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा विस्तृत कार्य-योजना तैयार की जायेगी। यह बात उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाहा ने रविवार को नागपुर में आयोजित एग्रो विजन राष्ट्रीय कृषि मेले में आयोजित कार्यशाला में कही। उन्होंने कहा कि फूड प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना जिला और संभाग लेवल पर हो जाने से उत्पादक किसानों को उपज का वाजिब दाम मिल सकेगा। मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि मध्यप्रदेश में 20 वर्षों में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार किया गया है। खेती-किसानी को सस्ती दर पर बिजली की आपूर्ति की जा रही है। इसके परिणामस्वरूप प्रदेश में कृषि उत्पादन बड़ा है। किसान भाई परंपरागत खेती के स्थान पर कैश क्रॉप के प्रति आकर्षित हुए हैं, उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार का प्रयास है कि उद्यानकी फसलों का उत्पादन करने वाले किसानों को फसल का सही दाम मिल सके। इसके लिए फूड प्रोसेसिंग यूनिट और मार्केटिंग का काम प्राथमिकता के साथ किया जाएगा उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण मंत्री श्री कुशवाहा ने नागपुर में पैदा किये जा रहे हैं ऑर्गेनिक संतरे की फसल का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में भी संतरे का उत्पादन बड़े स्तर पर होता है। संतरे की फसल को और अधिक बेहतर बनाने के लिए प्रदेश के किसानों को नागपुर स्टडी टूर पर भेजा जाएगा, जिससे किसान भाई ऑर्गेनिक संतरे की उत्पादन प्रक्रिया को देख और समझ सकेंगे।



# मुख्यमंत्री ने की 'हम होंगे कामयाब' अभियान को सफल बनाने की अपील, आज से शुरू होगा पखवाड़ा

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए संचालित किए जा रहे विशेष जागरूकता अभियान 'हम होंगे कामयाब' पखवाड़े को सफल बनाने की अपील की है।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जारी अपने संदेश में कहा है कि हमारी बेटियों और बहनों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना आवश्यक है। बेटियों और बहनों की सुरक्षा और सम्मान केवल सरकार या पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज के हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। इस दृष्टि से 25 नवम्बर से 19 दिसम्बर तक 'हम होंगे कामयाब' पखवाड़ा मनाने जा रहे हैं। इसमें पुरूष वर्ग की भूमिका ज्यादा अहम है। पुरूष अपनी सोच और व्यवहार में बदलाव लाकर समाज में फैले नकारात्मक दृष्टिकोण को चुनौति दे सकते हैं, जो महिलाओं के प्रति हिंसा का मुख्य कारण है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम सब पुरूषों की जिम्मेदारी है कि हम अपने समाज और परिवार में अपनी माता-बहनों को सुरक्षित रखें और उनकी चिंता करें। हमें जन्म से ही घर में लड़कों को यह सिखाना होगा कि हर बेटी और महिला का सम्मान करें। बेटियों के साथ शारीरिक हिंसा या शोषण न हो, इसकी चिंता करें और उन्हें अपने बराबर का समझें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह आवश्यक है कि माता-पिता अपने बच्चों को जागरूक करें और महिलाओं पर होने वाली हिंसा का विरोध करें। साथ ही समाज और परिवार में सभी समानता का माहौल बनाएं। बेटे-बेटी और महिला- पुरूष का भेदभाव समाप्त होना चाहिए। महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के लिए समाज, सरकार और कानून सभी का समान रूप से सहयोग आवश्यक है। तभी हम एक बेहतर समाज का निर्माण कर सकेंगे। जहां हर महिला और हर बहन सुरक्षित होगी और अपने सपनों को साकार कर सकेगी।

पखवाड़े के तीसरे दिन 27 नवम्बर को जिला, विकासखण्ड एवं ग्राम स्तर पर बाल विवाह निषेध अधिनियम और इन कानूनों के उल्लंघन के कानूनी परिणामों पर वेबिनार और सत्र का आयोजन और बाल विवाह मुक्त भारत की प्रतिज्ञा दिलाई जायेगी। इसी क्रम में महिलाओं के अधिकारों, हेल्पलाइन और SHE BOX पोर्टल के प्रति जागरुकता लाने, पास्को, घरेलु हिंसा और बाल विवाह निषेध जैसे प्रमुख कानूनों का प्रचार-प्रसार संचार के विभिन्न माध्यमों से किया जायेगा। जिला, विकासखण्ड और ग्राम स्तर पर घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम पर संवाद कार्यक्रम होंगे। घरेलू हिंसा की रिपोर्ट करने और उपलब्ध सहायता सेवाओं तक पहुंचने के महत्व पर केन्द्रित गतिविधियाँ होगी। इसके अतिरिक्त कानूनी जागरूकता संबंधी कार्यशाला के साथ सेमिनार, संवाद, काव्य प्रतियोगिता, पीसी और पीएनडीटी एक्ट के प्रति जागरूकता लाने रैली, चित्रकला प्रतियोगिता और सामुदायिक चर्चाएँ होगी।

पखवाड़े अंतर्गत समुदाय जेंडर उन्मुखीकरण, संस्थागत संबंधों को मजबूत करना, सकारात्मक मर्दानगी पुरुषत्व विषय पर संवेदीकरण, आपातकालीन हेल्पलाइन एवं साइबर सुरक्षा पर जागरूकता, कार्यस्थल पर महिलाओं को यौन उत्पीड़न से सुरक्षा, साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल साक्षरता के प्रति जानकारी देकर जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जायेंगी। पखवाड़े के अंतिम दिन राज्य स्तरीय समापन कार्यक्रम होगा, जिसमें स्थानीय जन-प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। साथ ही सभी जिलों से अधिकारी वर्चुअल शामिल होंगे।



### चाइल्ड लाइन 1098 या महिला हेल्प लाइन 181 पर कर सकते हैं डायल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यदि किसी को मदद की जरूरत हो तो तुरंत चाइल्ड लाइन 1098 या महिला हेल्प लाइन 181 पर डायल कर सकते हैं। डायल 100 पर भी सम्पर्क कर मदद ली जा सकती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार सभी की इज्जत करते हुए विशेष रूप से माता और बहनों के प्रति समाज के योगदान को कभी नहीं भूलेगी। सरकार महिलाओं के साथ सदैव खड़ी दिखाई देगी। आईए हम सब मिलकर हम होंगे कामयाब पखवाड़े को सफल बनाएं।

### पखवाड़ा अंतर्गत होंगी अनेक जागरूकता गतिविधियां

हम होंगे कामयाब पखवाड़े में लगातार 15 दिन विभिन्न विभागों के समन्वय से जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जायेंगी। पखवाड़े के प्रथम दिन राज्य स्तरीय दो दिवसीय जेंडर संवेदीकरण कंसल्टेशन कार्यक्रम होगा, जिसमें सभी जिलों के संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी वर्चुअल शामिल होंगे। साथ ही जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर जेंडर संवेदनशीलता और जेन्डर आधारित मुद्दों से निपटने पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, बाल देखभाल संस्थान के कर्मचारियों, वन स्टॉप सेंटर, शक्ति सदन, शौर्य दल और शक्ति निवास तथा ऊर्जा महिला डेस्क कर्मियों के लिये वेबिनार एवं कार्यशाला होगी।

# दतिया पहुंचे बिहार के पूर्व सीएम लालू यादव, बेटे तेजस्वी संग पीतांबरा पीठ में किए मां बगलामुखी के दर्शन

विनय उजाला

**दतिया/भोपाल, निप्र।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव रविवार को दतिया पहुंचे। उनके साथ उनके बेटे और बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी थे। एयरपोर्ट पर कांग्रेस नेताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद लालू यादव ने पीतांबरा पीठ पहुंचकर बेटे तेजस्वी संग मां बगलामुखी देवी का दर्शन किया। उन्होंने वनखंडेश्वर महादेव का अभिषेक भी किया।



दतिया पहुंचे पूर्व सीएम लालू यादव और तेजस्वी यादव का हेलीपैड पर यादव समाज और कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती, पूर्व विधायक घनश्याम सहित कांग्रेस नेताओं ने स्वागत किया। इसके बाद दोनों हेलीपैड से सीधे पीतांबरा पीठ के लिए रवाना हुए। लालू यादव और तेजस्वी यादव ने मां पीतांबरा बगलामुखी देवी के दर्शन किए और वनखंडेश्वर महादेव का अभिषेक किया। लालू यादव खराब स्वास्थ्य के कारण मंदिर परिसर में पैदल नहीं चल पाए। लिहाजा उनके लिए व्हीलचेयर मंगवाई गई और उस पर बैठकर उन्होंने मंदिर में प्रवेश किया। दर्शन के बाद लालू यादव ने मीडिया से बात नहीं की। लेकिन तेजस्वी यादव ने मीडियाकर्मियों से बातचीत में कहा कि झारखंड में हमारे गठबंधन को सफलता मिली है। लेकिन महाराष्ट्र में हमारा गठबंधन हार गया है। इसकी वजह क्या है, हम बैठकर समीक्षा करेंगे। इसके साथ ही पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि बिहार में अगले साल 2025 में होने वाले चुनाव में हम जरूर जीत हासिल करेंगे।

# विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग थीम पर होगी प्रतियोगिता

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी राष्ट्रीय युवा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है, जो बेहद खास और अलग होगा। विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग की थीम पर केन्द्रित चार स्टेज में इस कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसमें युवाओं द्वारा मायभारत पोर्टल पर 25 नवंबर से 5 दिसंबर 2024 तक सहभागिता की जा सकेगी। इसमें 15 से 29 वर्ष के युवा हिस्सा ले सकते हैं। पहले चरण में विकसित भारत की थीम पर ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन मायभारत पोर्टल पर होगा। इसमें से चुने गए प्रतिभागी दूसरे चरण में ऑनलाइन निबंध लेखन में भाग लेंगे। तीसरे लेवल पर स्टेट चैंपियनशिप भोपाल में और चौथी और आखिरी चरण में नेशनल चैंपियनशिप नई दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की जायेगी। नेहरू युवा केन्द्र भोपाल की अधिकारी सुश्री मोनिका चौधरी ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा यंग माइंड को अपने देश की संस्कृति, इतिहास और सभ्यता से जोड़ना होगा और साथ ही युवाओं से संवाद कर उनके विचार को प्रमुखता के साथ राष्ट्रीय स्तर पर साझा करना होगा।

# अपर मुख्य सचिव ऊर्जा मंडलोई ने इंदौर में की बिजली कंपनी के कार्यों की समीक्षा

## नए कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय पर करने के दिए निर्देश



विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मंडलोई ने रविवार को पोलोग्राउंड इंदौर में पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने नए कार्यों को गुणवत्ता के साथ तय अवधि में पूरा करने के निर्देश दिए।

श्री मंडलोई ने आरडीएसएस पूर्ण हो चुके, वर्तमान में हो रहे एवं अगले चरण में होने वाले कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने सभी कार्यों को समय पर कराने के निर्देश दिए, जिससे आमजनों को उसका लाभ मिले। मंडलोई ने कहा कि शासकीय एवं निजी बिजली उपभोक्ताओं से राजस्व संग्रहण समय पर किया जाए। इस कार्य में कोताही नहीं बरती जाए। उन्होंने पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के आरडीएसएस के कार्यों की प्रगति एवं जारी वित्तीय वर्ष में सात माह में राजस्व संग्रहण पर संतोष जताया। पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर की प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह ने अपर मुख्य सचिव को स्मार्ट मीटर परियोजना में आठ लाख से ज्यादा मीटर स्थापित होने, रबी सीजन में ट्रांसफार्मर की उपलब्धता, दैनिक विद्युत आपूर्ति, शासकीय विभागों से बकाया वसूली के लिए किए जा रहे प्रयास, नई भर्ती प्रक्रिया, आरडीएसएस के 46 ग्रिड पूर्ण तैयार होने समेत अन्य विषयों की जानकारी प्रस्तुत की। सुश्री रजनी सिंह ने बताया कि सूचना प्रौद्योगिकी शाखा द्वारा बिलिंग से सबद्ध ऑटोमेशन कार्य किया जा रहा हैं। इसके होने पर नई सुविधा प्रारंभ हो जाएगी। यदि स्मार्ट मीटर से संबद्ध उपभोक्ता की राशि जमा नहीं करने पर बिजली ऑटोमेटिक कटती है, तो वह जैसे ही बिजली बिल जमा करेगा, वैसे ही ऑटोमेटिक उसकी बिजली अगले ही मिनिट स्वत: चालू हो जाएगी, उसे जोन- वितरण केंद्र नहीं जाना होगा। मंडलोई ने पश्चिम क्षेत्र कंपनी के सुधारवादी और उपभोक्ता सेवा संबंधी प्रयासों की सराहना भी की। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान, निदेशक तकनीकी सचिन तालेवार, कार्यपालक निदेशक गजरा मेहता, मुख्य अभियंता रवि मिश्रा, एसआर बमनके, एसएल करवाड़िया, एसआर सेमिल, आरके आर्य, मुख्य वित्त अधिकारी नरेंद्र बिवालकर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# न्यू टिंबर मॉर्केट नई दिल्ली उच्चतम गुणवत्ता वाली सागौन का करेगा विक्रय

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मध्यप्रदेश शासन वन विभाग द्वारा नई दिल्ली में काष्ठ विक्रय डिपो न्यू टिंबर मॉर्केट कीर्ति नगर में स्थापित किया गया है। डिपो की स्थापना का प्रमुख उद्देश्य दिल्ली एवं दिल्ली से लगे हुए राज्य हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश में एम.पी. टीक उच्च गुणवत्ता वाली सागौन काष्ठ का लाभप्रद बाजार उपलब्ध कराना है।

मध्यप्रदेश काष्ठागार नई दिल्ली में वन विभाग के विभिन्न डिपो से प्राप्त उच्चतम गुणवत्ता वाली सागौन काष्ठ सी.पी. टीक के गोल लट्ठे (लाग्स) का चयन कर दिल्ली डिपो परिवहन किये जाते हैं। काष्ठ का विक्रय केवल नीलामी के माध्यम से प्रत्येक माह के प्रथम सोमवार को किया जाता है। इसमें क्रेता द्वारा भौतिक रूप से भी कार्यालयीन समय में काष्ठ का अवलोकन किया जा सकता है। अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिये कार्यालयीन दूरभाष क्रमांक-011-25939685 एवं डिपो अधिकारी के मोबाइल नम्बर 9111118382 पर सम्पर्क किया जा सकता है। सी.पी. टीक सागौन कई विशेषताओं के लिये जानी जाती है और यह अत्यधिक मूल्यवान होती है। सागौन में टिकाऊपन, क्षय, सड़न और कीट-क्षति के प्रति अत्यंत प्रतिरोधी है, जिससे यह घर के अंदर और बाहर, दोनों जगह उपयोग के लिये उपयुक्त है। सी.पी. टीक सागौन की लकड़ी मजबूत और भारी वजन सहन कर सकती है। यही कारण है कि इसका उपयोग अक्सर निर्माण और उच्च गुणवत्ता वाले फर्नीचर बनाने के लिये किया जाता है।

# आईबीडी कॉलोनी के रोड के अतिक्रमण हटाया जाएगा रहवासियों की मांग पर राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने दिए निर्देश



विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंखयक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने आईबीडी कॉलोनी की सड़क से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सड़क को चौड़ा भी किया जाएगा। कॉलोनी के रहवासियों ने राज्यमंत्री श्रीमती गौर को रायसेन रोड पटेलनगर से आईबीडी कॉलोनी को जोड़ने वाले रोड पर ओरिएंटल कॉलेज, एनआरआई कॉलेज के अतिक्रमण से कॉलोनी की ढाई हजार से अधिक आबादी को आवागमन में हो रही समस्या के समाधान का ज्ञापन दिया।

राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने एसडीएम श्री एल.के. खरे को सड़क का सीमांकन कर अतिक्रमण हटाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि संबंधित सभी पक्षों और अधिकारियों के साथ मीटिंग में चर्चा कर रहवासियों की समस्या का समाधान करेंगी। उन्होंने कहा कि ओरिएंटल कॉलेज के द्वारा अपनी बसों को सड़क पर पार्क करने से आवागमन बाधित करना गंभीर बात है। ओरिएंटल कॉलेज प्रबंधन सड़क किनारे बसों की पार्किंग करना तुरंत बंद करे। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि रायसेन रोड से प्रारंभ होकर आईबीडी कॉलोनी होते हुए खजूरी कलां को जोड़ने वाले रोड की चौड़ाई 18 मीटर है। यह सड़क मास्टर प्लान में शामिल है। सड़क पर किसी को भी अतिक्रमण नहीं करने दिया जाएगा।

### राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने सुनी मन की बात



पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंखयक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने रविवार को गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र के बूथ क्रमांक 159 और 160 के मतदाताओं, कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में सहभागिता कर श्रवण किया।

## बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने बूथ पर सुना प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम

# प्रधानमंत्री के आह्वान पर बड़ी संख्या में युवा राजनीति से जुड़ रहे : विष्णुदत्त शर्मा

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने रविवार को भोपाल मध्य विधानसभा के बूथ क्रमांक-192 कैम्पियन स्कूल के गेट के सामने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस दौरान वीडी शर्मा ने बूथ क्रमांक 192 के नव निर्वाचित बूथ अध्यक्ष सहित सदस्यों का सम्मान कर शुभकामनाएं दीं।**



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मन की बात में यंग लीडर डायलॉग का उल्लेख किया है। अगले वर्ष स्वामी विवेकानंद की जयंती पर दिल्ली के भारत मंडपम में विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग आयोजित किया जाएगा। विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग भी देश के गैर राजनीतिक परिवारों के युवाओं को राजनीति से जोड़ने का ही एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर युवा दिवस खास तरीके से मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर बड़ी संख्या में देश के ऐसे युवा राजनीति से जुड़ रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री ने भीम एप के माध्यम से लोगों को जागरूक करने पर भोपाल के महेश का उल्लेख किया, जो हम सबके लिए गर्व की बात है।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान आज जन आंदोलन बन गया है

विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने भोपाल के महेश जो भीम एप के माध्यम से लोगों को जागरुक कर रहे हैं उनका उल्लेख किया। साथ में ही एक पेड़ मां के नाम यह एक महत्वपूर्ण अभियान प्रधानमंत्री ने देश में शुरुआत की थी अपनी मां के नाम से पेड़ लगाकर ये आव्हान किया था जो आज जन आंदोलन बन गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा की अभियान के माध्यम से 5 महीने में 100 करोड़ से ऊपर पेड़ लगाकर रिकॉर्ड बनाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हाल ही में विदेश दौरे पर गुयाना गए तो वहां देशों तक पहुंच चुका है, यह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इंदौर में एक पेड़ मां के नाम अभियान में एक दिन में 12 लाख पेड़ लगा कर इंदौर ने भी इतिहास बनाया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने गौरैया के संरक्षण को लेकर समाज को आगे आने की बात कही है। निश्चित रूप से हम सभी लोगों को समाज के साथ मिलकर गौरैया के संरक्षण को लेकर कार्य करना चाहिए। गौरैया एक ऐसा पक्षी है जो विलुप्त होने के कगार पर है।

### बूथ अध्यक्ष व बूथ समिति भाजपा संगठन की सबसे अहम कड़ी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम को सुनने के बाद भोपाल मध्य विधानसभा के बूथ क्रमांक 192 के नवनिर्वाचित बूथ अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा सहित समिति के सभी सदस्यों का स्वागत कर अभिनंदन किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कैडरबेस ऑर्गनाईजेशन है। यह कार्यकर्ता आधारित दल है। भाजपा बूथ जीता चुनाव जीता जैसे अभियान चलाकर प्रदेश के सभी बूथों को मजबूत करने का कार्य किया है। प्रदेश में बूथ स्तर पर पार्टी संगठन की मजबूत स्थिति से ही पिछले वर्ष विधानसभा और इस साल प्रदेश की सभी 29 लोकसभा चुनाव में मिली ऐतिहासिक विजय पार्टी को मिली है। इस अवसर जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी एवं बूथ अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा सहित बूथ समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विनय मिश्रा द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स, एलयूएन शेड नं.21, सेक्टर-एच, गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया, भोपाल से मुद्रित एवं बी-104, शास्त्री नगर, जवाहर चौक, भोपाल से प्रकाशित। संपादक श्रीमती शोभना मिश्रा
स्थानीय संपादक- मनोहर राजपूत, मो. 9425910888, 9826022450 (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा) *पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। डॉक पंजीयन क्रमांक एमपी/आईडीसी/1359/2014-16, RNI. Reg. MPHIN/2013/52154.